राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

आम जन का आधार

www.jagranmorchadaily@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 04 अंक : 369 | लखनऊ | मंगलवार, 03 मार्च 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य 05 रुपया

### दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं

# भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द देंगे अंतिम रूप: मोदी



एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द अंतिम रूप देंगे और दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारत-कनाडा सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा जीवंत लोकतंत्र हैं, विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और साझा मूल्यों पर आधारित समाज हैं। लोकतंत्र, विविधता और विकास हमें स्वाभाविक साझेदार के रूप में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। इस परिवर्तन के पीछे मजबूत घरेलू मांग, युवा आबादी, बड़े पैमाने पर निवेश और डिजिटल तकनीक की शक्ति है। यह हमारी निरंतर आगे बढ़ती 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' का परिणाम है। नीति सरलीकरण, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई), लॉजिस्टिक्स आधुनिकीकरण तथा कर और दिवाला सुधारों के माध्यम से हर क्षेत्र में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष के बजट में आधारभूत संरचना विकास के लिए रिकॉर्ड 130 अरब डॉलर का प्रावधान किया है, जबकि नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन के तहत 1.3 ट्रिलियन डॉलर के निवेश पर कार्य चल रहा है। कनाडाई पेंशन फंड भारत में लगभग 100 अरब डॉलर का निवेश कर चुके हैं, जो गहरे विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कनाडाई उद्योग जगत से भारत की अवसंरचना विकास यात्रा में भागीदार बनने का आह्वान किया। मोदी ने सहयोग के पांच प्रमुख क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वच्छ ऊर्जा दोनों देशों की प्राथमिकता है। परमाणु क्षेत्र में सहयोग और यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए समझौते किए गए हैं। महत्वपूर्ण खनिजों में मजबूत आपूर्ति शृंखला बनाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं।

#### भारत-कनाडा के बीच 8 करार, 9 घोषणाएं, व्यापार समझौते से जुड़े विषयों पर सहमति

नई दिल्ली। भारत और कनाडा के बीच सोमवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। वार्ता के उपरांत कुल आठ समझौतों पर हस्ताक्षर हुए तथा नौ प्रमुख घोषणाएं की गईं, जिनका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को विस्तार देना है। वार्ता में भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए विचारणीय विषय (टर्म ऑफ रेफरेंस) तय हुए। तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में भारत-कनाडा-ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय समझौता हुआ। भारत को यूरेनियम की आपूर्ति के लिए वाणिज्यिक अनुबंध किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की उपस्थिति में रक्षा, शिक्षा, कृषि एवं नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों नेताओं ने इसके बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के सहयोग को गति देने के लिए कार्नी की प्रशंसा की तो वहीं कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को उद्धृत किया और उनके प्रसिद्ध वाक्य की तर्ज पर कहा, ल्हम आगे बढ़ेंगे, हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक विकसित भारत 2047 और कनाडा स्ट्रॉन्ग के लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत-कनाडा के बीच रक्षा डायलॉग और संसदीय मैत्री समूह की स्थापना की जाएगी और भारतऽकनाडा सीईओ फोरम का पुनर्गठन होगा। कनाडा ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और इंटरनेशनल सोलर अलायंस में शामिल होगा। साथ ही भारत के सहयोग से कनाडा इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन में डायलॉग पार्टनर के तौर पर भी शामिल होगा।

कनाडा की नवाचार क्षमता और भारत की विस्तार क्षमता को मिलाकर बैटरी और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में संयुक्त एआई कंप्यूट कॉरिडोर और स्टार्टअप्स के लिए एआई इनोवेशन सैंडबॉक्स स्थापित किए जा सकते हैं। विनिर्माण एवं प्रौद्योगिकी-विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और इंजीनियरिंग-में कनाडा की तकनीक और भारत के पैमाने को जोड़कर वैश्विक मूल्य शृंखलाओं को सशक्त बनाया जा सकता है। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में मेगा फूड पार्क, कोल्ड चेन और फूड टेस्टिंग लैब्स तेजी से विकसित हो रहे हैं, जो सहयोग का नया आयाम बन सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि साझेदारी केवल राष्ट्रीय राजधानियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि राज्यों और प्रांतों तक विस्तार होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भारत और कनाडा साथ खड़े होते हैं तो वे केवल दो अर्थव्यवस्थाओं को नहीं जोड़ते, बल्कि पूंजी और क्षमता को मिलाकर एक नई आर्थिक शक्ति का निर्माण करते हैं।

# ईरान के जवाबी हमले में अमेरिका के 3 सैनिकों की मौत, 5 घायल

एजेंसी



वाशिंगटन/तेहरान। ईरान ने अमेरिका और इजराइली ठिकानों पर रविवार को सैकड़ों जवाबी हमले किए, जिसमें कुवैत में तैनात अमेरिकी सेना के तीन जवान मारे गए और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इन मौतों का बदला लेंगे। वाशिंगटन पोस्ट और न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मारे गए सैनिक कुवैत में अमेरिकी सैन्य बेस के थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने एक्स पोस्ट में कहा कि कई अन्य सैनिकों को मामूली चोटें आईं। सेंटकॉम ने कहा कि मेजर कॉम्बैट ऑपरेशंस जारी हैं और हमारा जवाबी प्रयास चल रहा है। स्थिति तरल है। मृतकों के नाम उनके परिजनों को सूचित होने के 24 घंटे बाद जारी किए जाएंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक वीडियो में कहा, ''हम उन सच्चे अमेरिकी देशभक्तों के लिए शोक मना रहे हैं जिन्होंने राष्ट्र के लिए अंतिम बलिदान दिया। दुख की बात है कि इससे पहले और मौतें होंगी। यही हालात हैं। अमेरिका उनके मौत का बदला लेगा और आतंकवादियों को सभ्यता के खिलाफ युद्ध छेड़ने की सबसे सख्त सजा देगा। ट्रंप ने ईरान को कभी परमाणु हथियार बनाने से रोकने का लक्ष्य बताया। जून में उन्होंने ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमले का आदेश दिया था, जिन्हें नष्ट कर दिया गया था। अब उन्होंने ईरान में सत्ता परिवर्तन की मांग की और ईरानियों से अपनी सरकार पर कब्जा करने को कहा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये मौतें तब हुईं जब अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान ने आधा दर्जन देशों में अमेरिकी मिलिट्री ठिकानों को निशाना बनाकर जवाबी हमले शुरू किए। ये हमले ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले के बाद हुए, जिसे ल्लऑपरेशन एपिक फ्यूरीङ्क कहा गया। इसमें हवा, ज़मीन और समुद्र से बमबारी शामिल थी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक अमेरिकी सेना ने अब तक 1,000 से अधिक लक्ष्यों को नष्ट किया है। इनमें नेवी के जहाज और पनडुब्बियां, मिसाइल साइट्स, कम्युनिकेशन नेटवर्क और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसे ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमताओं को तेजी से खत्म करने की ल्लबहुत आक्रामकङ्क रणनीति बताया। हालांकि सूत्रों के अनुसार ईरान ने भी रातभर दर्जनों मिसाइलें और अटैक ड्रोन लॉन्च किए, जिन्हें ट्रैक किया गया। इस बीच, ऐसा भी दावा किया जा रहा था कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अमेरिका के एयरक्राफ्ट कैरियर अब्राहम लिंकन पर हमला किया था। हालांकि, सेंटकॉम ने इन रिपोर्टों को खारिज करते हुए कहा कि कैरियर पर कोई हमला नहीं हुआ था और मिसाइलें पास नहीं आईं।

अधिकारियों ने कहा कि एयरक्राफ्ट कैरियर अब्राहम लिंकन ईरानी शासन से खतरों का मुकाबला करने के लिए ऑपरेशन में मदद के लिए एयरक्राफ्ट लॉन्च करना जारी रखे हुए है। ईरानी हमले में यूएई में मारे गए नेपाली नागरिक की पहचान हो गई है। वे एक मिडिल ईस्ट कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे। उनका पार्थिव शरीर जल्द ही स्वदेश लाने की तैयारी की जा रही है। नेपाली दूतावास के अनुसार गोरखा निवासी 29 वर्षीय श्रेष्ठ मिडिल ईस्ट की एक कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबु धाबी में जायेद अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर ड्रोन को निष्क्रिय करने के दौरान नेपाली नागरिक श्रेष्ठ की मृत्यु हुई। दूतावास के बयान में कहा गया है कि उनके पार्थिव शरीर को यथाशीघ्र स्वदेश भेजने सहित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं में समन्वय किया जा रहा है।

**ट्रंप बोले- बदला लेंगे, ज्यादा मौतें होंगी**

**ईरानी हमले में यूएई में मारे गए नेपाली नागरिक की पहचान हुई, पार्थिव शरीर जल्द स्वदेश लाने की तैयारी**

**अमेरिकी मध्य कमान का दावा- ईरान में 1,000 से अधिक ठिकानों पर किए हमले**

### इंडिया यूथ फ्रंट ने चिब की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर उतरने की दी चेतावनी

नई दिल्ली। इंडिया यूथ फ्रंट ने भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। भारतीय युवा कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को पत्रकार वार्ता में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सरकार से माफी की मांग की। युवा कांग्रेस की महासचिव सुरभि द्विवेदी ने कहा कि न्यायालय ने हमारे प्रदर्शन को भड़काऊ और देश विरोधी नहीं पटाया। न्यायालय की टिप्पणी के बाद प्रधानमंत्री को माफी मांगनी चाहिए। देश के लिए आवाज उठाने पर संगठन को नंगा कहा गया। शरद पवार धड़े की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फहाद अहमद ने कहा कि जिस भी दबाव में जमानत याचिका खारिज की जा रही है, वह दबाव हटेगा। उदय भानु चिब शीघ्र रिहा होंगे। किसी भी प्रदर्शन को दबाने से वह और बड़ा होता है। सरकार आवाज नहीं दबा सकती। प्रदर्शन जारी रहेगा। मुस्लिम यूथ लीग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अंसारी ने कहा कि सरकार देश के आंतरिक निर्णय बाहरी दबाव में ले रही है। अमेरिका के साथ समझौते से देश के हितों से समझौता किया गया। युवा कांग्रेस बड़े संगठनों में से एक है।

### दमदम हवाई अड्डे से पश्चिम एशिया के लिए 20 उड़ानें रद्द, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

कोलकाता। पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का सीधा असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा है। सोमवार को कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, दमदम से पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों के लिए जाने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। कुल पांच विमान कंपनियों की 20 उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रद्द की गई उड़ानों में एमिरेट्स की आठ, कतर एयरवेज की चार, इतिहाद एयरवेज की चार, एयर अरबिया की दो और फ्लाई दुबई की दो उड़ानें शामिल हैं।

इन उड़ानों के रद्द होने से दुबई, दोहा और अबू धाबी जाने वाले यात्रियों की यात्राएं प्रभावित हुई हैं।

# बंगाल में सरकार बदलने पर सरकारी कर्मचारियों को 45 दिनों में मिलेगा डीए : शाह

### कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राज्य में आपराधिक तत्वों और माफिया तंत्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

एजेंसी



कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में आयोजित परिवर्तन यात्रा की एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सरकारी कर्मचारियों, युवाओं और नौकरी के अभ्यर्थियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर 45 दिनों के भीतर सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दिया जाएगा और 7वां वेतन आयोग लागू किया जाएगा। उन्होंने इसे लंबे समय से लंबित वित्तीय न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। दक्षिण 24 परगना जिले के रायदीघी विधानसभा क्षेत्र के भगवतीपुर में आयोजित सभा में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बंगाल के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और सरकारी कर्मचारियों को उनका बकाया अधिकार दिलाना भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल है। राज्य में सभी रिक्त सरकारी पदों को भरने की प्रक्रिया 26 दिसंबर से शुरू की जाएगी। भर्ती प्रक्रियाओं में देरी के कारण जिन युवाओं को नुकसान हुआ है, उन्हें पांच वर्ष की विशेष आयु छूट दी जाएगी ताकि वे फिर से रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य में पारदर्शी और मेरिट आधारित भर्ती प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे नौकरी के अभ्यर्थियों का विश्वास बहाल हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी के कारण युवाओं को नुकसान उठाना पड़ा है और भाजपा सरकार बनने पर इस स्थिति को बदला जाएगा। सरकारी कर्मचारियों के मुद्दे पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि 7वां वेतन आयोग लागू होने से कर्मचारियों को वित्तीय स्थिरता मिलेगी और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और महंगाई भत्ता सहित सभी बकाया लाभ सुनिश्चित किए जाएंगे। महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए 5700 करोड़ का विशेष प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाओं के लिए ऐसी योजनाएं लागू की जाएंगी, जिनसे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। शिक्षक भर्ती से जुड़े विवाद का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि लगभग 26 हजार शिक्षकों से संबंधित मामले का पारदर्शी और विधिसम्मत समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक वित्तीय प्रावधान भी किया जाएगा ताकि योग्य उम्मीदवारों को न्याय मिल सके।

## होली पर चंद्रोदय के साथ चंद्रग्रहण का योग, फाल्गुन पूर्णिमा पर होली खेलने आ रहा तामिया लाल सा चंद्रमा



भोपाल। खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए तीन मार्च (मंगलवार) का दिन बेहद खास होने जा रहा है। होली के रंगों के बीच आकाश में चंद्रमा भी ताम्र-लाल आभा के साथ नजर आएगा। फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना घटित होगी, जिसमें चंद्रमा पृथ्वी की पूर्ण छाया से होकर गुजरेगा। भोपाल की राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि भारत में यह घटना आंशिक चंद्रग्रहण के रूप में शाम को केवल कुछ मिनटों के लिए दिखाई देगी। यह ग्रहण 'ग्रस्तोदय' के रूप में नजर आएगा, यानी चंद्रोदय के समय ही चंद्रमा पर ग्रहण लगा हुआ होगा।ढ उन्होंने बताया कि ग्रहण की शुरुआत दोपहर लगभग 3 बजकर 20 मिनट से हो जाएगी, लेकिन उस समय भारत में चंद्रोदय नहीं हुआ होगा। आंशिक ग्रहण की समाप्ति शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगी। जिन नगरों में चंद्रोदय पहले हो जाएगा, वहां ग्रहण कुछ अधिक समय तक देखा जा सकेगा। पूर्वोत्तर के शहरों में यह अपेक्षाकृत अधिक देर तक दिखाई देगा। मध्य प्रदेश के सिंगरौली में ग्रहण का दृश्य लगभग शाम 6:01 बजे से दिखाई देना शुरू होगा, जबकि पश्चिम में स्थित आलीराजपुर में यह करीब 6:37 बजे नजर आएगा। यह वर्ष 2026 का पहला चंद्रग्रहण होगा।



# सावधानः जानलेवा भी हो सकता पक्के रंगों से होली खेलना

## ऑक्साइड,क्रोमियम आयोडाइड,कॉपर सल्फेट से बनता पक्का रंग, कैंसर को देता जन्म, आंखों की रोशनी जाने का भी खतरा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा।** सावधानः बुधवार को होली है,और आप रंगों से सराबोर न हों तो भला काहे की होली... !लेकिन आपको यह भी ख्याल रखने की जरूरत है,कि यही होली के रंग आपको तमाम खतरनाक बीमारियों का न्योता भी दे सकते हैं। जो जानलेवा भी हो सकता है।

होली के त्योहार को अब महज एक दिन ही शेष बचा है,ऐसे में रंगों से होने वाली कुछ गंभीर बीमारियों के बारे में आपको जरूर जान लेना चाहिए।होली पर लोग सब कुछ भुलाकर एक दूसरे को रंग लगाते हैं,और खुशियां मनाते हैं।विशेष रूप से बच्चों को होली बहुत पसंद होती है,और उनमें से कई लोगों के लिए यह त्योहार एक सप्ताह पहले ही शुरू हो जाता है।हालांकि इस दौरान जिन रंगों से हम खेलते हैं वो रसायनों,पारा, सिलिका,अभ्रक और सीसे से भरे होते हैं,जो हमारी सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं।ये त्वचा की समस्याओं से लेकर स्वास्थ्य पर कई हानिकारक प्रभाव डाल सकते हैं।आंखों की समस्या से लेकर सांस संबंधी परेशानी खड़ी कर सकते हैं।हमेशा लोगों को हिदायत भी दी जाती है कि पक्के रंगों से दूर रहकर केवल अबीर गुलाल से होली खेलें।लेकिन इसके बाबजूद भी लोग बाज नही आते।चिकित्सकों की मानें तो यह रंग हमारे शरीर मे तमाम बीमारियों को जन्म देते हैं,जो कभी जानलेवा भी हो सकते।इनसे त्वचा में जलन,और एलर्जी,लालिमा,खुजली हो सकती है।संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को दूर रहना चाहिए।

### कैंसर जैसी बीमारियों को बढ़ावा देते पक्के रंग



होली के रंगों में लेड ऑक्साइड,क्रोमियम आयोडाइड,कॉपर सल्फेट,मरकरी सल्फाइट और एल्युमीनियम ब्रोमाइड जैसे हानिकारक रसायनों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।साथ ही सीसा और क्रोमियम,कैंसर कारी होते हैं और लंबे समय तक इनके संपर्क में रहने से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।लिहाजा इन रंगों से बचकर रहने की जरूरत है।

**डा.सुभाष जायसवाल स्किन एवं एलर्जी विशेषज्ञ**

### आंखों की रोशनी जाने का भी रहता खतरा



रासायनिक रंग अगर आंखों में चले जाएं तो आंखों में जलन,लालिमा,पानी आना और यहां तक कि रंग आंख में ज्यादा पड़ गया तो अस्थायी अंधापन भी हो सकता है।खासकर हरा रंग शीशा युक्त होता है,इससे बचने की बहुत जरूरत है।इसके महीन कण त्वचा में कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी को पैदा करते हैं।

**डा.पंकज गुप्ता हृदय रोग विशेषज्ञ**

# होली को लेकर पुलिस ने कसी कमर, सुरक्षा के इंतजाम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

पुलिस ने बताया कि प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पीआरवी और मोबाइल यूनिट को लगातार गश्त के निर्देश दिए गए हैं। रात में भी सघन पेट्रोलिंग की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

पुलिस प्रशासन ने शांति समिति की बैठक कर स्थानीय गणमान्य लोगों और धर्मगुरुओं से सहयोग की अपील की है। बैठक में आपसी सौहार्द बनाए रखने और अफवाहों से बचने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। होली के दिन शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर विशेष नजर रहेगी।

सार्वजनिक स्थानों पर जबरन रंग लगाने या अभद्रता करने की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। डीजे और जुलूस के लिए निर्धारित समय सीमा का पालन अनिवार्य किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बाजार क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने कंट्रोल रूम को अलर्ट मोड पर रखा है। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

## अम्बेडकर पार्क की आरक्षित जमीन पर कब्जे का प्रयास

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** पकड़िया नौगवां में अम्बेडकर पार्क की आरक्षित जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा करने का प्रयास किया।बसपा के नेताओं को जैसे ही इसकी जानकारी मिली वह मौके पर पहुंच गए।बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लालता प्रसाद सागर ने बताया की अम्बेडकर पार्क की अरक्षित जमीन का मुकदमा कोर्ट में बिचाराधीन है। कुछ लोगों ने जमीन पर कब्जे की नीयत से वहां निर्माण सामग्री डलवाकर कब्जा करने का प्रयास शुरू कर दिया।जानकारी मिलते ही बसपा के जिलाध्यक्ष मुन्नालाल कश्यप, मण्डल कोआर्डिनेटर रामसनेही गौतम पदाधिकारिओं और कार्यकताओं के साथ घटना स्थल पर पहुँच गये। उन्होंने इसका विरोधकर जिलाधिकारी और और पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## बाजार में भीड़ अन्य रोडों पर ग्राहकों की संख्या कम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** बाजारों में तो ग्राहकों की भारी. भीड़ उमड़ रही है लेकिन अन्य क्षेत्रों के दुकानदार ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। बाजार में कपड़ों, रेडीमेड गुजिआ, नमकीन व्यंजनों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। होलिका दहन कुछ लोग आज कर रहे हैं।आज सुबह से ही लोगों ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की। शहर के यशन्वंतरि मंदिर, महामातेश्वरी मंदिर में श्रद्धांलुओं की भारी भीड़ देखी गयी।पूजन ज्यादातर लोग आज ही कर रहे हैं। रंग बेचने बाले कुछ दुकानदारों के पास ग्राहकों की संख्या कम है।कल मंगलवार है फिर भी दुकानदार अपनी दुकाने खोलेंगे।

## चंद्र ग्रहण आज, सूतक 9 बजकर 14 मिनट से

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** चंद्र ग्रहण आज 3.19 बजे से 6.47 बजे तक रहेगा। चंद्रग्रहण कुल 3घंटे 28 मिनट का होगा। यह ग्रहण यहाँ दिखाई नही पड़ेगा क्योंकि इसका प्रारम्भ काल और मध्य काल नही होगा।यहाँ चन्द्रोदय का समय ही 6.14 बजे है। अतः अपने जनपद में ग्रहण कुल 33 मिनट तक रहेगा।जब यहाँ ग्रहण नही होगा तो सूतक भी नही होगा।जबसे ग्रहण दिखाई देगा उससे 9 घंटे पूर्व का समय ही सूतक समय मानना युक्ति संभव है।अतः अपने यहाँ सूतक का समय 9.14 मिनट से होगा। यह जानकारी पंडित आदित्य सचित पाठक ने दी है।

## श्री 1008 श्री नंदन जी महाराज का शुभ आगमन हुआ

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** सोमवार को स्वर्गीय ठाकुर भजन सिंह भदोरिया के आवास पर खुटार बालाजी धाम से श्री 1008 श्री नंदन जी महाराज का शुभ आगमन हुआ।

श्री 1008 श्री नंदन जी महाराज ने राष्ट्रीय बजरंग दल पूरनपुर गौ रक्षा दल पूरनपुर एवं अनेक संगठन एवं मंदिर कमेटियों के लोगों से भेंट की और 10 मार्च को होने वाले खुटार में भव्य बालाजी दरबार में सबको आमंत्रित किया। ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया द्वारा मीटिंग का संचालन किया गया एवं गौ रक्षा मठ मंदिर सुरक्षा संत सुरक्षा और धर्म प्रचार के ऊपर चर्चा हुई एवं आगे की योजनाएं बनाई गई। गुरुजी का स्वागत करने में मुख्य रूप से ठाकुर विपिन सिंह पूर्व प्रधान जटपुरा अशोक खंडेलवाल जी रवि जायसवाल जी पंडित धनंजय मिश्रा पंडित संजय पांडे पंडित राहुल अवस्थी पंडित सिद्धार्थ शुक्ला ठाकुर सिद्धांत जादौन ठाकुर बृजेश तोमर पंडित आकाश पांडे पंडित सुशील मिश्रा पंडित अवनीश शुक्ला ठाकुर सुमित सिंह ठाकुर पूरु तोमर ठाकुर सोनू सिंह पंडित सत्य त्रिवेदी दीनू मौर्य आशू यादव दीपक कैलाश बाथम शिवा पांडे भगवाधारी विजय ठाकुर ठाकुर वीडिओम सिंह सचिन गुप्ता प्रेमपाल वर्मा ठाकुर सोनू सिंह ठाकुर पियूष तोमर ठाकुर अमित सिंह आदि लोग मौजूद रहे ।

## गोली मारने के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** रंजिशन मोहल्ला हबीबगंज के विकास को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने उसकी मां ओमवती उर्फ भागवती की तहरीर पर कपिल पांडेय और उसके दो साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। 28 फरवरी को विकास अपने दोस्त नितिन के साथ उसकी बहन के मोहम्मदपुर स्थित घर से बाइक पर सवार होकर गांव से वापस लौट रहा था। भगवंतापुर रोड पर धार्मिक स्थल के पास रंजिशन उसकी रोककर पिटाई की गई। भागने पर उस पर जानलेवा हमला कर जांघ में पीछे से गोली मारकर घायल कर दिया गया था। गोली विकास की जांघ के पार हो गई थी। सीएचसी लाए गए घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। रविवार को कोतवाल पवन कुमार पांडेय ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल से घटना की जानकारी ली। रविवार को विकास की मां ओमवती की तहरीर पर पुलिस ने कपिल पांडेय और उसके दो साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि विकास अपने दोस्त गांव सबलपुर के नितिन मिश्रा के साथ बाइक से गांव मोहम्मदपुर से उसकी बहन के घर से वापस लौट रहा था। रंजिशन पुत्र और उसके दोस्त नितिन को भगवंतापुर रोड पर एक धार्मिक स्थल के समीप घेरकर कपिल पांडेय ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पिटाई की। कोतवाल ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है।

# होलिका दहन को लेकर ग्रामीणों में बना असमंजस

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** फाल्गुन पूर्णिमा नजदीक आते ही गांवों में होलिका दहन की तैयारियां तेज हो गई हैं, लेकिन इस बार तिथि और शुभ मुहूर्त को लेकर ग्रामीणों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अलग-अलग पंचांगों में भद्रा काल और दहन के समय को लेकर मतभेद होने से लोग दुविधा में हैं।

होलिका दहन, जो होली से एक दिन पूर्व किया जाता है, फाल्गुन पूर्णिमा की रात को संपन्न होता है। मान्यता है कि भद्रा काल में होलिका दहन करना शुभ नहीं माना जाता। ऐसे में ग्रामीण शुभ मुहूर्त की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

गांव के मंदिरों में इन दिनों पंडितों से परामर्श लेने वालों की भीड़ बढ़ गई है। स्थानीय पुरोहितों का कहना है कि यदि पूर्णिमा तिथि प्रदोष काल में हो और भद्रा न हो तो उसी समय होलिका दहन करना चाहिए। वहीं यदि भद्रा का प्रभाव हो तो उसके समाप्त होने के बाद ही दहन किया जाना चाहिए।कई गांवों में इस विषय को लेकर पंचायत स्तर पर भी चर्चा हुई। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से परंपरागत पंचांग का पालन करते आए हैं, इसलिए उसी के अनुसार दहन करेंगे। वहीं कुछ लोग टीवी और इंटरनेट पर बताए जा रहे समय को सही मान रहे हैं।बाजारों में भी होली की रौनक दिखने लगी है। लकड़ी, उपले और पूजा सामग्री की खरीदारी शुरू हो गई है। बच्चों और युवाओं में उत्साह है, लेकिन बड़े-बुजुर्ग सही समय को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। धार्मिक जानकारों का कहना है कि भ्रम की स्थिति में स्थानीय अधिकृत पंचांग और मंदिर के पुजारी की सलाह को प्राथमिकता देनी चाहिए। भद्रा समाप्ति के बाद किया गया होलिका दहन ही शास्त्रसम्मत माना जाता है।

प्रशासन ने भी शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा है कि सभी लोग आपसी समन्वय से निर्णय लें और परंपरा के अनुसार पर्व मनाएं।

ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही स्पष्ट मुहूर्त तय होने के बाद पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ होलिका दहन संपन्न होगा और अगले दिन रंगों का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

# ये आदेश या तानाशाहीः पीटीआर प्रशासन के फैसले से नाराज लोग

- **आदेश ने बढ़ाई लोगों की टेंशनः आंदोलन की चेतावनी**

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार, जंगल को रात्रि के समय बंद कर दिया जाएगा, जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। युवा जिला अध्यक्ष टिकट गुटके गुरदीप सिंह गोगी ने इस आदेश का विरोध करते हुए कहा कि रास्ता बंद होने से किसानों की फसलों को निकालना मुश्किल होगा और मंडी तक पहुंचाना भी मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी फसलें समय पर मंडी तक पहुंचाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो सकता है। गोगी ने कहा कि रास्ता बंद होने से शादियों का आयोजन भी प्रभावित होगा, क्योंकि बारातियों और मेहमानों को आने-जाने में परेशानी होगी। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारी व प्राइवेट ड्यूटी करने वालों को भी परेशानी होगी, क्योंकि उन्हें अपने घर पहुंचने में देर हो सकती है। तो वह कैसे पहुंच पाएगा, यह एक बड़ा सवाल है। गोगी ने पीटीआर प्रशासन से मांग की है कि वे इस आदेश को वापस लें और लोगों की समस्याओं को समझें। उन्होंने कहा कि अगर उनकी बात नहीं मानी गई तो 7 तारीख को डीएम ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया जाएगा और आगे भी संघर्ष किया जाएगा।

## इनर व्हील क्लब ग्लोरी ने धूमधाम से मनाई होली



**पूरनपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी द्वारा राम होटल में होली उत्सव मनाया गया. कार्यक्रम आयोजन क्लब की पूनम गुप्ता, शशि खंडेलवाल ,डिंपी गुप्ता,अंजू मिश्रा, मीना रस्तोगी द्वारा किया गया. क्लब अध्यक्ष नगर की प्रथम महिला कल्पना गुप्ता, सचिव रुचि खन्ना, उपाध्यक्ष रिंकी गुप्ता, आईएसओ राजविंदर चीमा,संपादिका खुशबू गुप्ता ,निधि गुप्ता,मधुरिमा गुप्ता,सोनम अग्रवाल, कीर्ति मल्होत्रा, शैफाली, मीनाक्षी खन्ना, प्रीति अग्रवाल, सीमा गुप्ता ,सुधा गुप्ता आदि मौजूद रहीं.

## राधा माधव मंदिर में होली की धूम, जमकर नाचे भक्त



**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में श्री राधा रमण मंदिर साहूकारा में होली का आयोजन किया गया। वृंदावन के बाद यह श्री राधा रमण जी का ऐसा मंदिर है जहां अष्ट याम सेवा की जाती है। इस दौरान भक्तों ने फूलों और गुलाल से जमकर होली खेली।

आयोजन के दौरान आज ब्रज में होरी रे रसिया, रसिया को मोहल्ला न्यारो है, होरी खेल रहे बांके बिहारी, आज रंग बरस रहा, झूम रही दुनिया सारी आज रंग बरस रहा जैसे भजनों पर भक्त झूमकर नाचे। इस दौरान अध्यक्ष विश्वनाथ चंद्र अग्रवाल, महामंत्री अतुल अग्रवाल, दीपक गोयल, राजीव अग्रवाल भोला, नीरज रस्तोगी, शिवम अग्रवाल, शिवम सहगल, शिवम कश्यप, शिवम सैनी, अवधेश अग्रवाल दीपू, शेखर वर्मा, ओम वर्मा, अमन सक्सेना, प्रमोद पंत, डॉ एस के अग्रवाल, राकेश मार्डन सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बढ़ती महंगाई से आमजन की होली के रंग हुए फीके

## महिलाएं बोलींः होली के रंगों पर महंगाई की मार,कैसे करें मेहमानों की आवभगत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा।** होली का त्योहार पर इस बार बढ़ती महंगाई ने आमजन की कमर तोड़ कर रख दी है। पिछले 15 दिन में जिस तरह से खाद्य पदार्थों की कीमतों में इजाफा हुआ है,उसने मध्यम वर्गीय लोगों के परिवार में होली जैसे त्योहार की खुशियों के रंग फीके कर दिए हैं। होली पर बनने वाले पकवानों में सबसे ज्यादा घी, तेल, रिफाइंड, चीनी, बेसन, मैदा सूजी और मावा (खोया)की जरूरत होती है।इन सब चीजों की कीमतों में पिछले 10 दिनों में खासी बढ़ोत्तरी हुई है।कुछ दिन पहले रिफाइंड और बेसन की कीमत 150 रुपये तक थी,जो होली पर 180 तक पहुंच गई।ऐसे ही आम दिनों में 180 रुपये तक बिकने बाला खोया इस बार बाजार में 400 से भी ऊपर पहुंच चुका है।उस पर भी असली की कोई गारंटी नहीं। जागरण मोर्चा ने जब होली त्योहार पर महिलाओं से रायशुमारी की तो बढ़ती महंगाई पर वह बेबाक एवं खुलकर बोलीं।



बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस कदम उठाया जाए। इससे त्योहारों को प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति अपने परिवार में खुशियां बांट सके।इस बार महंगाई कुछ अधिक हो गई है।

**-प्रीति जायसवाल गृहणी बिलसंडा**



महंगाई तो पहले से ही घर का बजट बिगाड़े हुए थी,लेकिन होली के त्योहार पर कुछ महंगाई ज्यादा दिखी।इसकी वजह से गरीबों के लिए त्योहार भी अब एक सपने जैसा लगने लगा है।

**-डा.दीप्ति गुप्ता बिलसंडा**



होली पर जरूरत पड़ने वाली रिफाइंड,घी,मेदा,खोया सभी वस्तुए महंगी हुई है।साधारण परिवार के लिए त्योहार एक बड़ी मुसीबत बन गया है।महंगाई पर नियंत्रण करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए।

**-शिवानी जायसवाल गृहणी बिलसंडा**



त्योहारों पर महंगाई अचानक नहीं बढ़नी चाहिए। ताकि माध्यम वर्गीय व्यक्ति की खुशियों में खलल न पड़े।जिससे वह भी बच्चों संग त्यौहारों की खुशियों को दिल खोलकर साझा कर सके।

**-डा.शालू सक्सेना बिलसंडा।**



गृहणियों के किचन में उपयोगी खाद्य पदार्थों पर बेतहाशा महंगाई ने लोगों की कमर तोड़कर रख दी।आम लोगों की समस्या को देखते हुए बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने को सरकार को कोई ठोस उपाय सोचना चाहिए।

**-वर्षा गंगवार शिक्षिका बिलसंडा**

# होली के मौके पर बसों से लेकर दुकानों तक पर बढ़ी भीड़

- बच्चों ने पिचकारी से लेकर गुब्बारे तक जमकर खरीदें

जागरण मोर्चा कार्यालय



गन्ने खरीदते लोग, ज्वाला नगर में लगी दुकानों पर रंग गुलाल खरीदते लोग

**रामपुर**। होली के पर्व के मौके पर सोमवार को बसों से लेकर ट्रेनों तक में काफी भीड़ रही। वहीं बाजारों में भी लोगों ने रंगो से लेकर खाने पीने का सामान खरीदा। कई स्थानों पर लोगों ने होली को रखा। जोकि शाम को शुभ मुहूर्त में जलाई जाएगी।

रंगों का त्योहार आते ही लोगों में होली का खुमार बढ़ गया है। शहर के बाजार गुलजार हो रहे हैं, वहीं बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

पिछले तीन दिनों में रेलवे स्टेशन से हजारों लोगों ने सफर किया है, तो वहीं यात्रियों की भीड़ का फायदा डग्गामार वाहन में खूब उठा रहे हैं। आज होली पूजन होगा। जबकि चार तारीख को रंग खेला जाएगा। जिसको लेकर लोगों ने बाजारों में जाकर रंगों से लेकर घरों में उपयोग किए जाने वाले सामान तक खरीदे। रोडवेज बस स्टैंड पर भी सुबह से ही यात्रियों में मारामारी देखने को मिली। जहां लोग जल्दी घर पहुंचने के चक्कर में आपस में झगड़ते रहे। इसके अलावा डग्गामार वाहनों में भी लोग सफर करते रहे। बताया जा रहा है कि सोमवार को होली जलेगी,जबकि तीन मार्च को चंद्र ग्रहण होगा। इसी के चलते चार मार्च को रंग खेला जाएगा।

## लोगों ने पूजा अर्चना के बाद घरों में रखी होली

**रामपुर**। सोमवार को होलिका दहन किया जाएगा। जिसको देखते हुए लोगों ने शुभ मुहूर्त में होली रखकर पूजा अर्चना की। इसके अलावा मुख्य चौराहों पर भी होली रखी गई। शाम को पूजा की गई।उसके बाद होली को जलाया गया। सुबह से ही बाजारों में भीड़ देखने को मिल गई। लोगों ने बाजारों में जाकर गन्ने और गेहूं की बाली खरीदी। गन्ने का मूल्य 40 रुपये तक रहा। इसके अलावा बच्चों ने होली के लिए गुब्बारों से लेकर कई प्रकार के रंग खरीदे।

# कानून की धज्जियां उड़ा रहे इजरायल पर भारत सरकार की चुप्पी चिंताजनकः सांसद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर**। सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने वैश्विक शांति और अंतरराष्ट्रीय नियमों के बढ़ते उल्लंघन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए एक बयान जारी किया है। उन्होंने इजरायल द्वारा गाजा में किए जा रहे मानवीय नरसंहार और हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के संदर्भ में हुई घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाया है।

सांसदने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने पहले ही इजरायली प्रधानमंत्री. नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट और प्रतिबंधों की बात कही है। गाजा में महिलाओं और बच्चों का जिस तरह कत्लेआम किया जा रहा है, वह पूरी मानवता के लिए शर्मनाक है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई और वहां की संप्रभुता पर हमलों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कृत्य पूरी दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहे हैं। मोहिब्बुल्लाह नदवी ने आह्वान किया कि अगर दुनिया में कानून, शराफत और इंसानियत को बचाना है, तो ताकतवर देशों की मनमानी पर लगाम लगानी होगी। सांसद ने मांग की है कि भारत को अपनी ऐतिहासिक विदेश नीति और मानवीय मूल्यों पर अडिग रहते हुए, मजलूमों के हक में और अंतरराष्ट्रीय कानून की बहाली के लिए अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट ने दी।

# आयुर्वेद में होली का सेहत और रंगों का अनूठा संगमः डॉ.कुलदीप

- पर्व हमें आहार-विहार संबंधी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर**। आयुर्वेदिक मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान बताते हैं कि आयुर्वेद होली का त्योहार केवल रंगों और खुशियों का उत्सव नहीं है,बल्कि यह ऋतु संधि (दो ऋतुओं के मिलन) के समय शरीर को स्वस्थ रखने का एक वैज्ञानिक तरीका भी है। होली वसंत ऋतु में मनाई जाती है। ये पर्व हमें आहार-विहार संबंधी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। आयुर्वेद में छह ऋतुएं हैं और प्रत्येक ऋतु के हिसाब से खानपान निर्धारण है। हमारा शरीर पंच तत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु (क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर) से मिलकर बना है। जब ये तत्व असंतुलित होते हैं तभी रोगों की उत्पत्ति होती हैं।

वसंत ऋतु में, सर्दियों के दौरान शरीर में जमा हुआ कफ पिघलने लगता है, जिससे सुस्ती, सर्दी और पाचन की कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। होली के दौरान की जाने वाली गतिविधियाँ जैसे नाचना, गाना और दौड़ना शरीर में ऊर्जा का संचार करती हैं और बढ़े हुए कफ को संतुलित करने में मदद करती हैं। होलिका दहन की अग्नि से निकलने वाली गर्मी शरीर के बैक्टीरिया को नष्ट करने और वातावरण को शुद्ध करने में सहायक होती है। आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार, इस अग्नि की परिक्रमा करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मौसमी बीमारियों का खतरा कम होता है। प्राचीन काल में होली खेलने के लिए पलाश के फूल, हल्दी, नीम और केसर जैसे प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया जाता था जिसमें हल्दी (पीला) त्वचा की चमक बढ़ाती है और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है।

## कफ दोष को सामान्य रखती है गुड-सोंठ की गुझिया

*देहात में होली त्यौहार के तीन दिन पहले या होली जलने के बाद सर्वप्रथम गुड़, सोंठ की गुझिया बनाई जाने की परंपरा है। घर की सीनियर महिलाएं गुड़ और सोंठ की गुझिया बनाती हैं, जिसे घर का प्रत्येक सदस्य सोते समय खाता है। आयुर्वेद में गुड़ और सोंठ दोनों ही औषधि के रूप में वर्णित हैं। ये पाचनतंत्र को मजबूत बनाने के साथ शरीर को पुष्ट करते हैं। इस बदलते मौसम में कफ जनित बीमारियां होनी प्रारंभ हो जाती है इसके प्रिवेंशन में हमें इनका सेवन करके बेमौसम के जुकाम, बुखार, खांसी व पाचन से जुड़ी समस्याओं से बचाव मिलता है। जबकि आधुनिक युग में होली का त्यौहार विचारों को समाप्त करने का समय है। वसंत का मौसम कफ कुपित करने वाला होता है। यह समय ऐसा होता है, जिसमें यदि अनुशासित रहकर आहार-विहार और शारीरिक श्रम किया जाए तो कफ का नाश होता है। कफ के दुष्प्रभाव से यदि शरीर सुरक्षित है तो संपूर्ण वर्ष तक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। कफ, वात और पित्त में संतुलन बना रहता है। हर्बल रंगों के साथ जैसे कि नीम, टेसू, मेहंदी, अमलतास, गेंदा, हल्दी, केसर आदि से रंग बनाकर होली खेलना स्वास्थ्यप्रद है। इन रंगों में भरपूर औषधीय गुण हैं। इनका सेवन और लेपन, दोनों ही बहुत कारगर हैं। हल्दी एंटीबायोटिक गुणों से भरपूर है। टेसू कफ निरोधक है कफ का नाश करता है। नीम त्वचा के संक्रमण में बहुत लाभकारी है। नीम से बना रंग शरीर में पड़ेगा तो त्वचा के विकार दूर होंगे। होली और दीवाली दोनों ही त्योहारों के करीब में ही नवरात्र पड़ते हैं। इनमें व्रत उपवास और सात्विक भोजन को महत्व दिया जाता है। इसका मूल कारण यही है कि सात्विक आहार का सेवन कर हम शरीर को विकारमुक्त बनाएं।*

# एआरटीओ ने अभियान चलाकर दो निजी बसों का किया सीज

- एक लाख 87 हजार का डाला जुमार्ना,7 बसों का चालान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर**। एआरटीओ ने रविवार रात को अभियान चलाकर कमी मिलने पर 2 निजी बसों को सीज किया। जबकि 7 बसों का चालान किया। इस दौरान एक लाख 87 हजार का जुमार्ना डाला गया। इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। एआरटीओ ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

हाईवे पर निजी बसें धड़ल्ले से दौड़ रही हैं। जोकि नियम ताक पर रखकर चला रहे हैं। जिसके चलते हादसे होने का खतरा बना रहता है। अधिकारियों के निर्देश एआरटीओ द्वारा रोजाना अभियान चलाया जाता है। उसी के चलते एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव ने रविवार रात को 10 बजे से लेकर सोमवार सुबह तक वाहनों की चेकिंग की। जिसमें नियम पूरे नहीं होने पर एआरटीओ ने 2 निजी बसों को सीज कर दिया। जबकि 7 बसों का चालान कर दिया। इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है।

# किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं दे लोगः अतुल



**स्वार**। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा अतुल कुमार पांडेय पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत कस्बा बिजारखाता में आगामी होली पर्व के दृष्टिगत स्थलीय गोष्ठी का आयोजन किया।

गोष्ठी के दौरान उपस्थित संभ्रांत व्यक्तियों, व्यापारियों एवं ग्राम वासियों से संवाद स्थापित कर आपसी सौहार्द, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। पुलिस द्वारा जनसहभागिता के माध्यम से सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# जिला पंचायत चुनाव को लेकर रालोद में आवेदन प्रक्रिया जारी : शाहिद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर**। होली का पावन पर्व एवं पवित्र माह रमजान हम सभी को आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देते हैं।जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने बताया आगामी जिला पंचायत चुनाव के मद्देनजर संगठनात्मक तैयारियां औपचारिक रूप से प्रारंभ कर दी गई हैं। पार्टी कार्यालय में संभावित प्रत्याशियों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं तथा संगठनात्मक स्तर पर आवश्यक विचार-विमर्श की प्रक्रिया जारी है।

जिला पंचायत वार्ड नंबर 32 से जिला सचिव शाहिद सैफी द्वारा रालोद प्रत्याशी बनाए जाने के लिए विधिवत आवेदन प्रस्तुत किया।सैफी संगठन के सक्रिय, जुझारू एवं प्रतिबद्ध कार्यकताओं में से हैं और क्षेत्र में उनकी निरंतर सक्रियता एवं जनसंपर्क सराहनीय है।जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया उनकी अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय कमेटी द्वारा की जाएगी। यह कमेटी संगठन की नीतियों, क्षेत्रीय परिस्थितियों, जनसमर्थन एवं सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए व्यापक विचार-विमर्श के बाद अपना निर्णय देगी।जनपद के विभिन्न जिला पंचायत वार्डों से भी अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। इच्छुक साथियों से अपील की गई है कि वे अपना आवेदन विधिवत जिला कार्यालय में जमा कराएं, ताकि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उन पर विचार किया जा सके।संगठन के संज्ञान में यह बात आई है कि कुछ व्यक्ति स्वयं को रालोद अथवा गठबंधन का संभावित या अधिकृत प्रत्याशी बताकर क्षेत्र में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे भ्रामक दावे संगठन की आधिकारिक प्रक्रिया के विपरीत हैं। स्पष्ट किया जाता है कि बिना जिला अध्यक्ष को विधिवत आवेदन दिए तथा जिला कार्यालय की प्रक्रिया पूर्ण किए, जनपद में किसी भी व्यक्ति को रालोद का अधिकृत प्रत्याशी नहीं माना जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं एवं आम जनता से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के अपुष्ट दावों पर विश्वास न करें और केवल जिला कार्यालय अथवा अधिकृत माध्यम से जारी सूचना को ही प्रमाणिक मानें।अंत में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल संगठन में मेहनत, समर्पण, पारदर्शिता और अनुशासन को सर्वोपरि स्थान देता है तथा प्रत्येक निर्णय संगठन और क्षेत्र हित को ध्यान में रखकर लिया जाएगा।

# एसपी ने महिला आरक्षी प्रशिक्षुओं को किया ब्रीफ



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा द्वारा थाना सिविल लाइन में महिला आरक्षी प्रशिक्षुओं को आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत ड्यूटी के लिए ब्रीफ किया।ब्रीफिंग के दौरान त्यौहार के समय कानून-व्यवस्था बनाए रखने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, संवेदनशील स्थलों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# महिलाओं को बाजारों में जाकर किया जागरूक

**रामपुर**। मिशन शक्ति पांच अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा,



सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति केंद्र की टीमों एवं जनपद स्तरीय टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। थाना-स्तरीय टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बाजारों, शॉपिंग मॉल, पार्क एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया।

जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में बताया।मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की। ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें और आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें।

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण का आधार गणितः शहला

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर**। सेंट पॉल्स स्कूल की गणित की प्रवक्ता शहला जरताज ने बताया कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण होती हैं। कक्षा 12 की परीक्षा न केवल उनके शैक्षणिक भविष्य को प्रभावित करती है, बल्कि आगे की पढ़ाई और करियर की दिशा भी तय करती है। विशेष रूप से गणित विषय को लेकर विद्यार्थियों में अक्सर तनाव और चिंता देखने को मिलती है। हालांकि यदि विद्यार्थी सही रणनीति, नियमित अभ्यास और उत्तर पुस्तिका लिखने की उचित विधि अपनाएं, तो वे इस विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सकते हैं। गणित ऐसा विषय है जिसमें समझ, अभ्यास, समय प्रबंधन और प्रस्तुति झ चारों का समान महत्व होता है।

सबसे पहले विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पूरे पाठ्यक्रम और परीक्षा पैटर्न को अच्छी तरह समझें। जब विद्यार्थी यह जान लेते हैं कि किन-किन अध्यायों से अधिक प्रश्न पूछे जाते हैं।प्रश्नों का स्वरूप कैसा होता है, तो उनकी तैयारी अधिक व्यवस्थित हो जाती है। गणित विषय की तैयारी के लिए विशेष रूप से एनसीईआरटी की पुस्तक को आधार बनाना आवश्यक है। अधिकांश प्रश्न इन्हीं पुस्तकों के उदाहरणों और अभ्यास प्रश्नों से प्रेरित होते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को चाहिए कि वे प्रत्येक अध्याय को ध्यानपूर्वक पढ़ें। सभी प्रश्नों को कम से कम दो बार अवश्य हल करें।गणित में सफलता प्राप्त करने के लिए सूत्रों का ज्ञान बहुत महत्वपूर्ण होता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे सभी महत्वपूर्ण सूत्रों को एक अलग नोटबुक में लिखें और प्रतिदिन उनका अभ्यास करें। इससे परीक्षा के समय सूत्र याद रखने में आसानी होती है और प्रश्न हल करने की गति भी बढ़ती है। इसके साथ ही पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास करना भी अत्यंत लाभकारी होता है। पिछले पाँच से दस वर्षों के प्रश्नपत्र हल करने से विद्यार्थियों को परीक्षा के स्तर, प्रश्नों के प्रकार और अंक वितरण की स्पष्ट जानकारी मिलती है। समय प्रबंधन भी बोर्ड परीक्षा की तैयारी का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

विद्यार्थियों को नियमित रूप से सैंपल पेपर और मॉक टेस्ट हल करने चाहिए और यह प्रयास करना चाहिए कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा प्रश्नपत्र हल कर सकें। इससे परीक्षा के दिन घबराहट कम होती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। जिन अध्यायों या प्रश्नों में कठिनाई महसूस होती है, उन्हें बार-बार अभ्यास करके समझना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर शिक्षक या सहपाठियों की सहायता लेनी चाहिए। नियमित पुनरावृत्ति (रिवीजन) सफलता की कुंजी मानी जाती है, इसलिए परीक्षा से पहले पूरे पाठ्यक्रम का कम से कम दो से तीन बार पुनरावलोकन करना आवश्यक है। जहां तक बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिका लिखने का प्रश्न है, वहां विद्यार्थियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। परीक्षा शुरू होने के बाद सबसे पहले प्रश्न पत्र को ध्यान से पढ़ना चाहिए और यह समझना चाहिए कि कौन से प्रश्न पहले हल करने हैं। सामान्यतः आसान और अच्छी तरह तैयार किए गए प्रश्नों को पहले हल करना बेहतर रहता है। इससे समय की बचत होती है और आत्मविश्वास भी बना रहता है।उत्तर लिखते समय साफ-सुथरी और व्यवस्थित प्रस्तुति का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गणित में प्रत्येक प्रश्न का समाधान चरणबद्ध तरीके से लिखना चाहिए। केवल अंतिम उत्तर लिखने के बजाय पूरा समाधान दशार्ना चाहिए, क्योंकि कई बार प्रत्येक चरण के लिए भी अंक दिए जाते हैं। प्रत्येक प्रश्न की सही संख्या अवश्य लिखें और उत्तर पुस्तिका में प्रश्नपत्र के क्रम को बनाए रखने का प्रयास करें, जिससे परीक्षक को उत्तर जांचने में सुविधा हो। यदि किसी प्रश्न में ग्राफ या आरेख बनाने की आवश्यकता हो, तो उसे साफ-सुथरे तरीके से और स्केल का उपयोग करके बनाना चाहिए। साथ ही, आवश्यक लेबलिंग अवश्य करें ताकि उत्तर स्पष्ट दिखाई दे। अंतिम उत्तर को बॉक्स में लिखना या उसे रेखांकित करना भी एक अच्छी आदत है, क्योंकि इससे परीक्षक को परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। विद्यार्थियों को पूरे प्रश्न पत्र के लिए समय का उचित विभाजन करना चाहिए ताकि कोई भी प्रश्न छूट न जाए। अंत में कम से कम 10 से 15 मिनट अपने उत्तरों की पुनः जांच के लिए अवश्य रखें।

कहा जा सकता है कि यदि विद्यार्थी नियमित अभ्यास, सही रणनीति, समय प्रबंधन और व्यवस्थित उत्तर लेखन को अपनाते हैं, तो गणित विषय की बोर्ड परीक्षा उनके लिए कठिन नहीं रह जाती। आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ विद्यार्थी निश्चित रूप से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर सकते हैं और अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं।

# बाइक सवार युवकों को रोडवेज ने मारी टक्कर, एक की मौत

- दवाई लेकर रामपुर से शाहबाद लौट रहा थे रिश्ते के दो भाई
- मातम में बदली रमजान की खुशियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** कान की दवाई लेने गए युवकों को वापस लौटते समय तेज रफ्तार रोडवेज ने टक्कर मार दी, हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसको रामपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के



मृतक का फाइल फोटो

मोहल्ला खटपुर निवासी नाजिम मियां का बेटा अर्श अली (18) अपने रिश्ते के भाई इमरान को साथ लेकर सोमवार सुबह कान की दवाई लेने मिलक गया हुआ था। दवाई लेने के बाद दोनों युवक बाइक पर सवार होकर मिलक से रामपुर की तरफ चल दिए। रास्ते में पनवड़िया के पास युवकों की बाइक को रोडवेज ने टक्कर मार दी।

हादसे में अर्श अली की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथ में मौजूद रिश्ते का भाई इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों और पुलिस के द्वारा परिजनों को सूचना देकर दोनों युवकों को जिला अस्पताल भेज दिया गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अर्श का पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए उसका शव शाहबाद लेकर आ गए। मृतक अर्श अली दो भाइयों में बड़ा था। जबकि अर्श अली के पिता शाहबाद से चंडीगढ़ को चलने वाली बस पर ड्राइवर है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और रमजान की खुशियां मातम में बदल गई।

### रोजे से थे दोनों युवक

**शाहबाद।** रामपुर के पनवड़िया पर हुए सड़क हादसे का शिकार हुए दोनों युवक रोजे की हालत से थे। मृतक अर्श की कान की दवाई मिलक से चल रही थी, जिसको लेने के लिए अर्श अपने रिश्ते के भाई इमरान के साथ बाइक से मिलक गए थे। दवाई लेने के बाद किसी जरूरी काम से दोनों भाइयों ने बाइक रामपुर की तरफ मोड़ दी। रामपुर पहुंचने से पहले ही पनवड़िया के पास दोनों भाइयों की बाइक में रोडवेज बस ने टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक सवार अर्श की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके रिश्ते का भाई इमरान बुरी तरह जख्मी हो गया। मृतक अर्श के पिता बस ड्राइवर है। दोनों भाई रोजे की हालत से थे।

# दौड़ा-दौड़ा भागा-भागा सा..... झूमे बच्चे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दढ़ियाल।** चौकी क्षेत्र के गांव नारायणपुर में स्थित जंबो वैली स्कूल का प्रथम वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीओ अतुल कुमार पांडे ने अभिभावकों से बच्चों को मोबाइल गेम से दूर रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोबाइल गेम बच्चों का करियर बर्बाद कर रहे हैं।

नारायणपुर गांव में स्थित जंबू बैली स्कूल में सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ अतुल कुमार पांडेय,विद्यालय के चेयरमैन योगेश चौहान, प्रबंध निदेशक शिशुपाल सिंह, प्रधानाचार्य मनीषा सिंह और विशिष्ट अतिथि अनुज कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद मां सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की।वार्षिकोत्सव का शुभारंभ ₹वंदना माँ शारदे₹ की प्रस्तुति से हुआ। इस वर्ष की थीम ₹खोया हुआ बचपन₹ थी, जिसने सभी उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को भावनात्मक रूप से जोड़ा। नन्हे



विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटिका 'मेरे हिस्से का आसमान कहां है' ने यह गहरा संदेश दिया कि बच्चों पर अनावश्यक शैक्षिक और सामाजिक दबाव उनके स्वाभाविक विकास में बाधा डालता है। उन्हें उनका बचपन, कल्पनाशीलता और उड़ान वापस मिलनी चाहिए। छात्रों ने 'तारे जमीं पर', 'बापू तू तो हानिकारक है', 'दौड़ा-दौड़ा भागा-भागा सा', 'बम-बम भोले', 'बचपन के दिन' और 'जमे रहो' जैसे गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र कार्तिक के एकल गीत ने भी कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। मुख्य अतिथि अतुल कुमार पांडेय ने बच्चों में मोबाइल और वीडियो गेम की बढ़ती लत पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करें। विद्यालय के चेयरमैन योगेश चौहान ने अभिभावकों से विद्यालय के शैक्षिक दृष्टिकोण के साथ कदम मिलाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि अनुज कुमार वर्मा ने कहा कि बच्चों को केवल सुविधाएं नहीं, बल्कि समय, संवाद और विश्वास की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर डॉ. आर. सी. शर्मा, जिला अध्यक्ष सिंचाई बंधु राजकुमार चौहान, गन्ना सोसायटी स्वार के चेयरमैन समर सिंह, नगर पंचायत दढ़ियाल के चेयरमैन खुर्शीद अहमद, स्कूल की प्रिंसिपल मनीषा सिंह, योगेश कुमार चौहान, शिशपाल चौहान, मुनेश कुमार चौहान सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का समापन नगर पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अहमद द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार, मेडल और प्रमाण-पत्र वितरित कर किया गया।

# 14 अप्रैल को शहर में निकलेगी संदेश यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय अंबेडकर सभा द्वारा अंबेडकर जयंती पर आयोजित होने वाली अंबेडकर संदेश यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। भारतीय अंबेडकर सभा की एक विशेष सभा संगठन की मोहल्ला तोपखाना वाल्मीकि बस्ती स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई।

सभा में संगठन के संस्थापक अविनाश तपन ने आगामी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर संगठन द्वारा आयोजित की जाने वाली अंबेडकर संदेश यात्रा की तैयारियों को लेकर पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने सिलसिलेवार तरीके से आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी पर प्रकाश डालते हुए कार्यकारिणी को बताया।सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को लेकर पूरी समीक्षा करते हुए उसका अनुमोदन किया। संस्थापक अविनाश तपन ने विभिन्न कार्यक्रमों के लिए



तोपखाना वाल्मीकि बस्ती स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

पदाधिकारी एवं सदस्यों की अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी। सभा में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सभा की अध्यक्षता दिनेश मानव ने, संचालन विल्सन बाबू ने किया। सभा में दीप लव, ओमप्रकाश वाल्मीकि, महिपाल वाल्मीकि, धर्म कुमार वाल्मीकि, सुरेंद्र खत्री, महेश प्रजापति, नीरज चौहान, आदेश कुमार,दिव्यांशु दीप, ओमकार सेठ एवं दीपक राही आदि मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा में हुई सीबीएसई की परीक्षा, 30 रहे गैरहाजिर

- हिंदी ए की परीक्षा से 6, हिंदी बी की 24 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद सीबीएसई की परीक्षा में 30 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। कक्षा 10 वीं के हिन्दी ए के पेपर में 1745 के सापेक्ष 1739 ने परीक्षा दी। 6 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जबकि हिंदी बी विषय में 2015 के सापेक्ष 1991 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें भी 24 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसके अलावा कक्षा 12 वीं के विषय कइ उर्दू की 34 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

जनपद में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू हुई हैं। परीक्षा में 6100 विद्यार्थी पंजीकृत है। इनमें कक्षा 10 वीं 3400, 12 वीं 2700 परीक्षार्थी है। परीक्षा लिए ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी, दयावती मोदी अकादमी, केंद्रीय



ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा देने के बाद चर्चा करतीं छात्राएं।

विद्यालय, सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सनवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, लीड इंटरनेशनल स्कूल स्वार, आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर, ब्रह्मदत्त स्कूल, होली चाइल्ड स्कूल बिलासपुर, न्यू ऐज पब्लिक स्कूल बिलासपुर में बने केंद्र पर हुई है। सिटी कोऑर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि सोमवार को 10-12 वीं की परीक्षा हुई। जिसमें हिंदी ए के विषय में 6, हिंदी बी 24 में परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

## वीडियो वायरल मामले में फार्मासिस्ट ने दर्ज कराए बयान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** दढ़ियाल स्थित पीएचसी पर तैनात फार्मासिस्ट का नशे में धुत के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल प्रकरण ने तूल पकड़ लिया।इस मामले में फार्मासिस्ट ने सीएमओ को अपने बयान दर्ज कराए। जिसमें कहा है कि वह दिव्यांग है, उसके पैर में चोट लगी हुई है वह इसलिए कुर्सी से गिर गया। उसे उठाने के लिए लोगों ने सहायता की। इस मामले में फार्मासिस्ट को बचाने स्वास्थ्य विभाग जुट गया है।

प्रत्येक रविवार को जनपद में जन आरोग्य मेला का आयोजन किया जाता है। ऐसे में मरीजों को परामर्श देने के लिए चिकित्सक, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, एएनएम और स्पोर्टिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाती है। रविवार को दढ़ियाल स्थित पीएचसी पर रविवार को आरोग्य मेला में डयूटी पर तैनात फार्मासिस्ट दारू के नशे में फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। फोटो वायरल होने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में खलबली मच गई। आनन-फानन में विभागीय जिम्मेदारों ने इस प्रकरण में फार्मासिस्ट से स्पष्टीकरण मांगा। सीएमओ डॉ.दीपा सिंह ने बताया कि फार्मासिस्ट वह दिव्यांग है, उसके पैर में चोट लगी हुई है वह इसलिए गिर गया। उसे उठाने के लिए लोगों ने सहायता की। चेतावनी दी है कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। अन्यथा विभागीय कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

## खेत में लगे ट्यूबवेल से मोटर चोरी,रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** दढ़ियाल चौकी क्षेत्र में हाल के दिनों में ट्यूबवेल से मोटर चोरी की कई घटनाएं सामने आई हैं। जिससे किसानों में आक्रोश और चिंता बढ़ गई है। ग्राम अकबराबाद निवासी जुल्फकार पुत्र मुस्तकीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके खेत में लगी ट्यूबवेल से 25 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने मोटर चुरा ली। काफी तलाश के बावजूद मोटर का कोई सुराग नहीं मिला। तलाश के दौरान जानकारी मिली कि इसी क्षेत्र में अन्य किसानों के साथ भी ऐसी चोरियां हुई हैं।18 फरवरी की रात ग्राम इमरता फार्म निवासी मनजीत सिंह पुत्र बलवीर सिंह और ग्राम मेवला फार्म निवासी बीना देवी पत्नी स्व. अनिल कुमार की ट्यूबवेल से मोटर चोरी हुई।लगभग दो महीने पहले ग्राम लोहर्रा निवासी कृष्ण कुमार चिकारा पुत्र स्व. महेंद्र सिंह की ट्यूबवेल से भी मोटर चोरी की गई। इन घटनाओं से संकेत मिलता है कि क्षेत्र में एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जो रात के समय खेतों में जाकर ट्यूबवेल मोटर चुरा रहा है। किसानों की परेशानी को देखते हुए जुल्फकार ने अन्य प्रभावितों के साथ मिलकर पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करने और सख्त कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने पीड़ित किसान की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में चोरी की इन घटनाओं पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने गहन छानबीन शुरू कर दी है, जिसमें आसपास के गांवों में पूछताछ और संदिग्धों की तलाश शामिल है।

## खाड़ी युद्ध से उद्योग क्षेत्र में निराशा: श्रीष

**रामपुर।** आई आई ए रामपुर चैप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने कहा कि खाड़ी देशो में छिड़े युद्ध से उद्योगों एवं निर्यातकों में निराशा छा गई है। उद्योग टैरिफ की मार से कराह रहे थे। टैरिफ कम होने से दोबारा होल्ड ऑर्डर भेजने के आदेश आयातक दे रहे थे लेकिन अब फिर इन पर खतरा आ गया है। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग बंद करने की धमकी से वैश्विक व्यापार मार्ग बंद होने का खतरा मंडराने लगा है। इससे भारतीय निर्यातकों के माल की आवाजाही प्रभावित हो रही है। वैकल्पिक रास्तो से माल भेजने से लागत में भारी लागत बढ़ सकती है क्योंकि अधिकतर आर्डर एफ ओ आर होते है।इसके अलावा डिलीवरी लेट होने का खतरा भी मंडरा रहा है।

## सूचना

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें मोबाइल नंबर 7906815587,9758444242

# आपसी सौहार्द के साथ मनाएं होली का पर्व: एसडीएम

- हुड़दंग से बचे युवा, शराब से बनाए दूरी: सीओ देवकीनंदन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** आगामी त्यौहार होली के पर्व के मद्देनजर सोमवार को शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के भूड़ासी गांव में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया।बैठक की अध्यक्षता एसडीएम आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन ने संयुक्त रूप से की। बैठक के दौरान एसडीएम आशुतोष कुमार ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि रंगोत्सव के पर्व को शांति और सुकून के साथ मनाएं। गांव में निकलने वाले जुलूस में हुड़दंग न करे। वही बैठक में बोलते हुए सीओ देवकीनंदन ने कहा कि युवा सोशल मीडिया में कोई गलत पोस्ट न करें। साथ ही साथ शराब से भी बचे। शराब पीकर वाहन न चलाएं। अंत में कोतवाल प्रदीप कुमार ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को भी जाना। इस दौरान अधिकारियों ने



शाहबाद के भूड़ासी गांव में ग्रामीणों संग बैठक करते एसडीएम और सीओ

ग्रामीणों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया। इस दौरान गांव में पैदल गश्त भी निकाला गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक अतिशय जैन, एसआई मनोज कुमार, कांस्टेबल नफासत समेत ग्राम प्रधान और दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# होली के मद्देनजर शाहबाद में अधिकारियों ने पीएसी के जवानों संग निकाला फ्लैग मार्च



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** आगामी त्यौहार होली के मद्देनजर सोमवार को एसडीएम आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन के नेतृत्व में अफसरों ने फ्लैग मार्च निकाला।फ्लैग मार्च शाहबाद थाने से शुरू होकर बजरंग चौक, मैन मार्केट, बंगाली तिराहे, स्टेट बैंक, बिलारी तिराहा, स्टेट हाइवे होते हुए चंदौसी तिराहे तक पहुंचा। फ्लैग मार्च के दौरान अफसरों ने लोगो से बातचीत कर रंगों के त्यौहार होली को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। साथ ही सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया। फ्लैग मार्च के दौरान कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार, एसएसआई रामचंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, एसआई रमेश चंद्र समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## चोरी के सामान के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने चोरी के सामान के साथ दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया।वहां से आरोपी जेल चले गए। 25 फरवरी जीटीएल इंफ्रास्ट्रक्चर कम्पनी का टावर 50 मीटर , 160 केएमपीएच शेल्टर तथा अन्य टावर का समान चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना सिविल लाइन पर मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके बाद पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी थी। जिसमें सोमवार को पुलिस ने इमरान पुत्र मुस्ताक अली, रिजवान अली पुत्र मुस्ताक अली निवासी मदरखां की बाडी थाना गंज को चोरी हुए सामान 100 एंगिल लोहा, 6 सिढिया लोहा व 12 एगिल कनेक्टर लोहा के साथ मुस्ताक ट्रेडिंग कम्पनी बीपी कालोनी माल गोदाम के पास से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया।वहां से आरोपी जेल चले गए।

# मुसलमान अपने रिश्ता कुरआन से मजबूत करें: शहर मुफ्ती

- मिस्टन गंज स्थित मस्जिद अकसा में कुरआन ए करीम मुकम्मल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मिस्टन गंज स्थित मस्जिद अकसा में शहर मुफ्ती मौलाना मोहम्मद मकसूद ने कहा कि मुसलमान अपना रिश्ता कुरआन ए करीम से मजबूत करें। औलाद की अच्छी तरबियत करें। खास तौर पर नौजवान सोशल मीडिया इंटरनेट पर जिन्दगी जाया न करें। उन्होंने कहा कि दूसरा अशरा मगफिरत का है। हमें चाहिए कि इस अशरे में अपने गुनाहों की माफी मांगे।

शहर के मिस्टन गंज स्थित मस्जिद अकसा में कुरआन ए करीम मुकम्मल



हुआ। जिसमें शहर मुफ्ती मौलाना मोहम्मद मकसूद और उनके बेटे ने कुरआन ए करीम की तिलावत की। उन्होंने कहा कि इस मुबारक महीने में अल्लाह अपने बंदों पर बेशुमार नेकिया अता फरमाता है। कुरआन अल्लाह की भेजी हुई वाहिद ऐसी किताब है जो हाफिजों के सीनों में रोज ए कयामत तक महफूज रहेगी। इसके बाद लोगों ने शहर मुफ्ती मौलाना मोहम्मद मकसूद और उनके बेटे की गुलपोशी की। अंत में मुल्क में अमन शांति के दुआ कराई। इस मौके पर कारी यासीन अहमद वजीही, मौलवी मोहम्मद अय्यूब, मौलवी मोहम्मद अकरम आदि मौजूद रहे।

# बिजनौर क्लब समर्पण द्वारा खेली गई फूलों की होली

- डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिजनौर।** बिजनौर क्लब समर्पण का होली महोत्सव बहुत ही सुंदर थीम (फूलों की होली रंगों की बोली ) के आधार पर जैन धर्मशाला में धूमधाम से मनाया गया। उत्सव का शुभारंभ पीडीसीपी खुशबू कर्णवाल, द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया।

अध्यक्ष राशी अग्रवाल,सचिव कनक जैन व कोषाध्यक्ष प्रीती खन्ना, उपस्थित अतिथि व प्यारी बेटिया (अवीशा व अवनी) की सुंदर गणेश व सरस्वती वंदना के नृत्य से हुआ।अतिथियों डॉ. मंजू चौधरी, पूनम गोयल, भावना भारद्वाज ,(बिजनौर) से व ऋतु अग्रवाल जी एवं मीना अग्रवाल जी (किरतपुर से,) दुपट्टे से सम्मानित किया गया और सभी को आने वाले महिला दिवस की बधाई देते हुए नारी सशक्तिकरण के प्रशस्ति पत्र और गिफ्ट से सम्मानित किया।नीती सरीन होली क्युईन, एकता अग्रवाल रंगों की रंगीली पारूल अग्रवाल ने फागुन सखी का खिताब जीत। सोनम ने मंच के संचालन किया। स्वरचित समर्पण परिवार के लिए कही गई कविता मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी। अंत में विशेष आकर्षण फूलों की होली समर्पण परिवार की भव्यता को दर्शा गई। रंगों के गानों पर डांस प्रतियोगिता,मजेदार चुटकुले,प्रश्नोत्तरी, होली थीम तम्बोला,आदि रहें आए हुए अतिथि के निर्णयानुसार टॉप तीन में डांसर दिपाली ,दिप्ती व प्रियंका ने अपना नाम किया।महिला दिवस के आधार पर साड़ी ड्रेपिंग का कॉप्टीशन भी रखा गया।जिसमें खुशबू कर्णवाल , अंजली व नेहा नें बाजी मारी। आमंत्रित अन्य क्लब के व अपने क्लब के सभी डिस्ट्रिक्ट पोस्ट होल्डर्स को सुंदर माला पहना सम्मानित कर होली के रंगों का उपहार दिया गया। अंत में राशि, कनक, प्रीति, सोनम सुंदर प्रस्तुती राधा-कृष्ण की सुंदर छवि में प्यारी बेटिया ,ओजस्वी और ओजस के साथ एक सुंदर आकर्षक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर वृंदावन बरसाने की भव्य फूलों की होली खेल सबको भक्तिमय व मंत्र मुग्ध कर दिया।सभी को होली की बधाई देते हुए महोत्सव संपन्न किया गया।


विजयी प्रतियोगी को पुरस्कार देती संस्था की पदाधिकारी

# दिल्ली में दस मार्च को मौन व्रत करेंगे किसान

- सरदार वीएम सिंह का स्वागत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**गजरौला।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह ने पीलीभीत जाते समय हाइवे स्थित एक होटल पर संगठन के कार्यकताओं से भेंट की।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिह ने कहा, इंडो-यूएस डील पर कृषि आयात व घेयरी उत्पाद आयात पर सरकार किसानों को सन्तुष्टि पूर्ण जबाब नहीं दे पा रही है। कृषि उत्पाद व डेयरी उत्पाद के आयात पर यदि समझौता किया गया तो देश के किसान के लिए डेथ वारन्ट साबित होगा। देश में लघु और सीमान्त किसानो को अपनी जीविका चलाने के लिए दूध उत्पादन व पशु पालन से अपना गुजारा करना पड़ता है। किसानों को दूध की कीमत पानी से भी कम मिलती है और महंगाई के अनुपात में किसानों की फसलों के दाम कम मिलते हैं।ऐसे में यदि अमेरिका से कृषि व डेयरी उत्पाद आयात किये गये तो देश का किसान बर्बाद हो जायेगा। आगामी 10 मार्च 2026 को देश के 250 किसान संगठनों के साथ मिलकर दिल्ली राजघाट पर तीन घंटे का मौन व्रत किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राज्यों के विभिन्न किसान संगठनों के किसान नेता मिलकर मौन व्रत करके सरकार को घेरेंगे। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौ-उपेन्द्र सिंह, मण्डल प्रभारी राजवीर सिंह, जोगेन्द्र आर्य, लकी गौसल, अंकित चौधरी, खचेड़ू सिंह यादव, देवेन्द्र सिंह,कमलजीत सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्रवृत्ति योजना में 16 छात्र छात्राओं ने स्कूल का नाम किया रोशन

- स्टाफ ने बच्चों को फूल मालाओं सहित पुरस्कार देकर सम्मानित किया

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शेरकोट।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 16 छात्र/छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया। वही स्कूल स्टाफ ने बच्चों को फूल मालाओं सहित पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

शासन द्वारा रविवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना का परीक्षा फल घोषित किया।विद्यालय प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने बताया कि गत 5 नवंबर 2026 को आयोजित परीक्षा में उनके विद्यालय के 38 छात्र/छात्राएं शामिल हुए थे।जिसमे समरीन परवीन, अबीरा परवीन,अदीबा परवीन,जोया परवीन, आफिया परवीन,भूमिका रानी, जकिया परवीन, सादिका परवीन,जहरा परवीन, अंजुम परवीन,मरयम परवीन, कहकशा परवीन,शिफा परवीन,मोहम्मद अबुल हसन,सुभान अहमद,मोहम्मद अम्मार आदि ने सफलता प्राप्त की है। इस बात का पता चलते ही स्कूल स्टाफ सहित छात्र, छात्राओं मे खुशी की लहर दौड़ गयी। परीक्षा मे सफल हुए बच्चों को शिक्षकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया,ओर प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन ने सफल छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए इसका श्रेय उनके अभिभावकों सहित शिक्षकों को दिया।उन्होंने बताया कि सफल सभी विद्यार्थियों को शासन द्वारा 4 वर्ष तक 1000 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाएगी। विद्यालय के प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने छात्र/छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय का स्टाफ बच्चों पर लगातार मेहनत करता है,जो सराहनीय है। उन्होंने स्टाफ से आगे भी ऐसे ही बच्चों के लिए मेहनत करने की बात कही है। उधर उक्त परीक्षा मे शामिल छात्र/छात्राओं को दिन रात मेहनत कराने वाले शिक्षक मोहम्मद रिजवान का भी शिक्षकों एवं बच्चों ने आभार व्यक्त करने के साथ-साथ फुल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर विधालय प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी, प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन,अरशद हुसैन,मोहम्मद रिजवान,मोहम्मद आलम अंसारी,मोहम्मद शहजाद,शकील अहमद,रईस अहमद, रेहान अहमद, मोहम्मद इकबाल, उस्मान अहमद,लिपिक अबरार अहमद सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।



# होली का पूजन करके महिलाओं ने की परिक्रमा


होली की पूजा करती महिलाएं

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**गजरौला।** नगर के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने होली की परिक्रमा करके सुख-स्मृद्धि का आशीर्वाद मांगा।महिलाओं ने श्रद्धा के साथ पुष्प, फल, धूप, दीप व व्यंजनों से पूजा की और होलिका के चारों ओर सूत के धागे लपेट कर परिक्रमा की।

नगर के मोहल्ला अतरपुरा स्थित चामुंडा मंदिर, गंगा प्याऊ शिव मंदिर, फाजलपुर, बस्ती, अवंतिका नगर, स्टेशन शिवपुरी, चौपला, नाईपुरा, भानपुर, कविनगर, बुध बाजार, लक्ष्मी नगर, बसंत बिहार आदि सहित विभिन्न स्थानों समेत नगर व देहात दोनों में करीब 114 स्थानों पर होली लगाई गई है। सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं ने होली की पूजा अर्चना की। वहीं होली पूजन के चलते पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने अधीनस्थों को निर्देशित करके सुरक्षा व्यवस्था के लिए सतर्क किया। वहीं कुछ स्थानों पर देर शाम ही होली दहन की गई तो वहीं कुछ स्थानों पर मंगलवार की सुबह होली जलाने की योजना थी। इस बार मंगलवार को ग्रहण के चलते रंग (मुख्य पर्व) चार मार्च को मनाया जाएगा।

## पेड़ काटने का विरोध करने पर पिता पुत्र को मारपीट कर किया घायल

**कांठ।** थाना क्षेत्र में पेड़ काटने का विरोध करने पर पिता पुत्र को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।थाना कांठ के ग्राम मघपुरी इनायतपुरी निवासी रमेश पुत्र मुरारी सिंह की अपने ही गांव में खेती की जमीन तालाब के पास है। जिसमें उनके खेत की मेंढ़ और तालाब की मैढ एक ही है। वहां पर लिप्टिस के पेड़ लगे हैं।रविवार की सुबह 7 के करीब रामफल, वीर सिंह, ओमकार, मोहित, पंकज आदि ने उनके पेड़ काटना शुरू कर दिया। जब रमेश और उनके पुत्र ने इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों पिता पुत्रों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को लेकर स्वजन थाना कांठ पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांचो आरोपियों के खिलाफ संबंधी धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भेज दिया है।

## होली को लेकर बाजार में पुलिस ने किया पैदल मार्च

**कांठ।** होली पर्व को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। बाजारों में रंगों और मिठाइयों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस उत्साह के बीच पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सोमवार को कांठ कस्बा चौकी इंचार्ज राहुल राघव , उपनिरीक्षक संजीव कुमार व कमल दीप, हेड कांस्टेबल अश्विनी,प्रदीप आदि ने सोमवार को खुद पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नगर में पैदल गश्त करते हुए स्टेशन रोड, बस स्टैंड, मेन बाजार, सब्जी मंडी, सहित विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को होली के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए चौकस रहने के निर्देश दिए।



## रामगंगा नदी में डूबकर किसान की मौत

**कांठ।** थाना क्षेत्र में रामगंगा किनारे कॉलेज के लिए रामगंगा में से पानी भरने गए किसान की रामगंगा नदी में डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हल्का लेखपाल ने घटनास्थल का दौरा कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी है। थाना कांठ के ग्राम दरियापुर निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र रूप सिंह 50 वर्ष सोमवार की सुबह 7:00 बजे रामगंगा के पास अपनी कॉलेज में सब्जी और फलों की फसल को पानी देने के लिए रामगंगा नदी में कंट्री में पानी भरने के लिए गया था। तभी अचानक रामगंगा नदी में अधिक पानी में बढ़ गया और वह डूब गया। आसपास काम करने वाले लोगों ने जब रामगंगा नदी में राजेंद्र को डूबता देख तो उन्होंने शोर मचाया तो गांव के अन्य लोग भी आ गए। तब तक डूब कर उसकी मौत हो चुकी थी। स्वजन एवं ग्रामीणों ने घटना की सूचना तहसील प्रशासन एवं थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और हल्का लेखपाल घटनास्थल पर पहुंचे।मृतक के परिजन और ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई । मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया और देर शाम को उसका अंतिम संस्कार कर दिया।मृतक के दो पुत्र गजेंद्र और तरुण कुमार, पत्नी चंचल सैनी है। बड़े पुत्र गजेंद्र की शादी हो चुकी है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## होली की घर वापसी पर गजरौला स्टेशन पर ट्रेनों में यात्रियों का सैलाब

**गजरौला।** होली पर ट्रेनें यात्रियों से खचाखच भरी हैं। उनमें बैठने की बात तो छोड़िये खड़ा होने के लिए स्थान पाना भी मुश्किल हो गया।सोमवार को दोपहर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1पर आकर काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन रुकी। उसका कोई डिब्बा ऐसा नहीं था, जो खचा खच न भरा हो। होली पर घर जा रहे यात्रियों को ट्रेन में भारी भीड़ के कारण खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। जो लोग स्टेशन पर काफी देर से ट्रेन आने का इंतजार कर रहे थे वह बमुश्किल सवार हो सके।

# 10 लाख रुपए की मांग को लेकर जहरीला पदार्थ खाकर किसान ने समाप्त की जीवन लीला

- कांठ क्षेत्र का मामला, परिजनों में मचा कोहराम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**कांठ।** महिला ने थाना क्षेत्र के एक युवक से प्रेम प्रसंग कर 10 लाख रुपए वसूली की मांग परिजनों से की। महिला द्वारा फोन पर युवक के पिता से मोबाइल पर दबाव बनाए जाने से तंग आकर युवक के पिता ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। रविवार की शाम युवक के पिता की मौत हो गई। मृतक के पीड़ित ज्येष्ठ बेटे की तहरीर पर पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदपुर नीगूं नंगला निवासी सचिन पुत्र महिपाल सिंह 48 वर्ष मुरादाबाद में प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता है। सचिन की मित्रता पुष्पांजलि पुत्र वेद प्रकाश गुप्ता निवासी ग्राम छपना थाना रहरा जिला अमरोहा से इंस्टाग्राम के माध्यम से हो गई। तहरीर में बताया गया है कि पुष्पांजलि ने देवेंद्र गुर्जर निवासी ग्राम पुरसल थाना नगला जिला अमरोहा एवं राजू सिंह ने एक गैंग बना रखा है। युवक की मंदबुद्धि का लाभ उठाते हुए तीनों लोग गैंग बनाकर सचिन के पिता पर शादी करने का दबाव मोबाइल से बनाते रहे। शादी नहीं करने पर तीनों लोगों ने युवक के पिता से 10 लाख रुपए नकदी की मांग की। आर्थिक तंगी के कारण युवक के पिता ने गत 24 फरवरी को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने किसान महिपाल सिंह को मुरादाबाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान रविवार की शाम महिपाल सिंह की मृत्यु हो गई। मृतक के ज्येष्ठ पुत्र सुरेंद्र सिंह की तहरीर पर थाना पुलिस ने पुष्पांजलि एवं उसके दोनों साथियों के साथ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इससे पूर्व परिजनों ने हाईवे पर जाम लगाने का प्रयास किया था लेकिन पुलिस ने समझा बुझाकर तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाम को विफल कर दिया। परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार सोमवार को कर दिया है। मृतक अपने तीनों बेटों को रोते बिखलते छोड़ गए हैं। परिजनों का रोते बिखलते बुरा हाल है।


मृतक का फाइल फोटो

# हरेवाली बैराज क्षेत्र में लकड़ी माफिया का कहर

- प्रतिबंधित कीमती पेड़ों के कटान से वन विभाग पर उठे सवाल

**शेरकोट/बिजनौर।** शेरकोट थाना क्षेत्र के तहत हरेवाली बैराज के पास नहर किनारे स्थित वन क्षेत्र में प्रतिबंधित और कीमती पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। आरोप है कि लकड़ी माफियाओं ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर लाखों रुपये मूल्य के पेड़ों को काटकर चोरी कर लिया।

बताया जा रहा है कि पेड़ों की कटाई के बाद आरोपियों ने सबूत मिटाने के उद्देश्य से पेड़ों की जड़ों को पत्तों और झाड़ियों से ढक दिया था, लेकिन तेज हवाओं के चलते पत्ते हट गए और कटान का मामला उजागर हो गया। घटना सामने आने के बाद क्षेत्रीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में रात के समय वन विभाग की गश्त लगभग न के बराबर रहती है, जिससे लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा के स्थानांतरण के बाद क्षेत्र में अवैध कटान की घटनाएं बढ़ी हैं। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि वन विभाग के कुछ कर्मचारियों की कथित मिलीभगत के चलते माफिया बेखौफ होकर प्रतिबंधित प्रजातियों के पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही संबंधित वन कर्मियों की भूमिका की जांच और नियमित गश्त सुनिश्चित कराने की भी मांग उठाई है।इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले की जानकारी मिलने के बाद जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अवैध कटान की इस घटना ने वन सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## प्रेम प्रसंग से आहत युवक ने जहर खाकर दी जान

**राजा का ताजपुर/बिजनौर।** नूरपुर थाना क्षेत्र के कस्बा राजा का ताजपुर में प्रेम प्रसंग से आहत एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है। उपचार के दौरान युवक की मौत हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, वहीं परिवार में मातम पसरा हुआ है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला खलियापार निवासी अभिषेक (22 वर्ष) पुत्र संजय का एक युवती से प्रेम संबंध बताया जा रहा है। जब युवती पक्ष को इस संबंध की जानकारी हुई तो कथित रूप से कुछ लोग युवक के घर पहुंचे और उसके तथा परिजनों के साथ गाली-गलौज की। घटना से युवक मानसिक रूप से काफी आहत हो गया था। परिजनों के अनुसार घटना के कुछ समय बाद अभिषेक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे तत्काल एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। युवक की मौत की खबर से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे मोहल्ले में शोक और सन्नाटा छाया हुआ है।चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

# परंपरागत तरीके से 191 स्थानों पर हुआ होलिका दहन, कल क्षेत्र में जमकर बरसेगा रंग

**कांठ।** परंपरागत तरीके से तहसील क्षेत्र के 191 स्थानों पर होलिका दहन हुआ। कल कांठ नगर एवं क्षेत्र में धूमधाम से रंगोत्सव दुल्हैंडी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।कल नगर एवं क्षेत्र में धूमधाम के साथ रंगों का पर्व मनाया जाएगा। देर रात्रि पूरे विधि विधान से परंपरागत तरीके के साथ कांठ नगर एवं देहात क्षेत्र में होली का पूजन करने के उपरांत दहन किया गया। होलिका दहन होने के साथ ही पूरे क्षेत्र में रंगोत्सव की धूम मच गई। युवाओं में होली को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। होलिका दहन के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर युवाओं को होली के गीतों तथा ढोल की थाप पर नृत्य करते देखा गया। वहीं लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर तथा रंग लगाकर होली की बधाई दी। लोगों ने अपने अपने घरों में गुजिया आदि पकवानों का लुफ्त उठाया। कल नगर में जमकर अबीर गुलाल बरसेगा। नगर में सूखा एवं गीला रंग कमेटियों द्वारा रंगों की शोभायात्रा भी धूमधाम से निकाली जाएगी। दुल्हैंडी पर सुरक्षा के दृष्टिगत भी पुलिस एवं प्रशासन ने अपनी तैयारियों को अमली जामा पहना दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि होली के जुलूस में अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को कड़ाई से नियमों का पालन करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उधर उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी पर जबरदस्ती रंग नहीं डालें।



# बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या और हमले की घटनाएं, सेक्युलर दलों की चुप्पी




अगस्त 2024 में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हिंसक प्रदर्शनों के चलते अपना देश छोड़ना पड़ा, जिसके बाद बांग्लादेश में हिन्दुओं पर आक्रमण, हत्या और आगजनी की भीषण घटनाएं हुईं क्योंकि हिन्दुओं को उनकी पार्टी का समर्थक माना जाता है। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी। यूनुस के आते ही पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई बांग्लादेश में सक्रिय हो गई और भारत तथा हिन्दू विरोधी आग भड़काने में जुट गई। दिसंबर 2025 में भारत विरोधी नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद यह आग और भड़क गई। अब ईशनिंदा के झूठे आरोप लगाकर हिन्दुओं की हत्याएं की जा रही हैं। हिन्दू घरों में बाहर से ताला लगाकर आग लगाई जा रही है। इन सभी क्रूर आपराधिक घटनाओं को यूनुस सरकार का मौन समर्थन है जिससे हिन्दू जान बचाकर भाग तक नहीं पा रहा है।

विभाजन के समय बांग्लादेश में हिन्दू जनसँख्या 23 प्रतिशत थी। 1974 की जनगणना में यह घटकर मात्र 13.5 प्रतिशत रह गई थी और अब मात्र 7.96 प्रतिशत है। हिन्दुओं पर हो रहे धार्मिक अत्याचारों का यही हाल रहा तो बांग्लादेश में हिन्दू पूरी तरह से लुप्तप्राय हो जाएंगे। विदेश मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2022 में अल्पसंख्यकों पर 47 हमले दर्ज किए गए जो 2023 में बढ़कर 302 हो गए और फिर 2024 में तेजी से बढ़कर 3200 हो गए।

दिसंबर माह में ही पहले दीपू चन्द्र दास और फिर अमृत मंडल को भीड़ ने ईशनिंदा के नाम पर बर्बरता से मार डाला। चटगांव मे हिंदू परिवार के घर में आग लगा दी गई। घटनास्थल से एक धमकी भरा नोट मिला जिसमें हिन्दुओं पर इस्लाम विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया था और गंभीर परिणाम की चेतावनी दी गई। हादी की मौत का बदला लेने के लिए भीड़ हिन्दुओं के खून की प्यासी होकर हथियारों के साथ सड़कों पर घूम रही है। बांग्लादेश में प्रतिवर्ष किसी न किसी बहाने हिंदू मंदिरों पर हमले हो रहे हैं और अब तक 850 से अधिक हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया जा चुका है। केवल ताजा हिंसा में ही अभी तक 200 से अधिक हिन्दुओं की हत्याएं और 170 से अधिक हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हो चुके हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार बांग्लादेश में साल 2022 से 2024 के बीच हिन्दू अल्पसख्यकों पर हमलों के मामले आठ गुना बढ़ गए हैं।

बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा के मामलों में जिस प्रकार से वृद्धि देखी जा रही है वह केवल तात्कालिक कानून व्यवस्था की समस्या नहीं है अपितु देश की सामाजिक तथा जनसांख्यिकीय संरचना को बदलने के लिए दशकों से किए जा रहे कट्टर इस्लामी राजनीतिक प्रयासों का परिणाम भी है।

बांग्लादेश मे हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा की पृष्ठभूमि बहुत पुरानी है। शेख हसीना की सरकार के समय भी हमले होते थे, विशेषकर जब हिन्दुओं के पवित्र नवरात्र प्रारंभ होते थे तब ईशनिंदा की झूठी अफवाहें फैलाकर दुर्गा पंडालों पर हमले किए जाते थे और उनमें तोड़फोड़ की जाती थी। अब अंतर यह आ गया है कि इन घटनाओं का नियंत्रण पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई व कट्टरपंथी अराजक तत्वों के हाथ में आ गया है।

बांग्लादेश मे ईशनिंदा कट्टरपंथियों का सबसे बड़ा हथियार बन गया है। आठ ऐसे अवसर रहे हैं जब हिंदुओं पर ईशनिंदा के नाम पर भयानक हमले किए गए। सुनामगंज में एक फ़ेसबुक पोस्ट के बाद पूरा हिंदू गांव तबाह कर दिया गया। रंगपुर के गंगा चरा में एक हिंदू युवक पर आरोप लगाने के बाद दंगाइयों ने 22 हिंदू घरों को ध्वस्त कर दिया। खुलना, बारिशाल, मौलवी बाजार, फरीदपुर, चांदपुर और कुमिल्ला जैसे जिलों मे भी हिंदुओं के साथ भयानक घटनाएं घटी हैं ।

मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बनने के बाद से हिन्दुओं की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाला वास्तव में हिन्दुओं रक्त का प्यासा हो गया है जो उस्मान हादी के अंतिम संस्कार की जनसभा में कहता है कि ल्हादी तुम जहां कहीं भी हो हम तुम्हारे हर सपने को अवश्य पूरा करेंगे ।ल्ल यह भाषण यूनुस की खतरनाक मंशा का संकेत कर रहा है।

बांग्लादेश इस बात का प्रमाण है कि जहां मुस्लिम आबादी बढ़ जाती है, वहां पर अन्य अल्पसंख्यक समाज का रहना दूभर हो जाता है। आज बांग्लादेश में मुस्लिम जनसंख्या 91.08 प्रतिशत हो चुकी है और अल्पसंख्यक हिंदू समाज पूरी तरह से असुरक्षित हो गया है।

बांग्लादेश के कट्टरपंथी देश में शरीयत का कानून लागू करना चाहते हैं। वे हिंदू महिलाओं को माथे पर बिंदी न लगाने, साड़ी न पहनने और बुर्का पहनने को कह रहे हैं और ऐसा न करने पर बलात्कार तथा परिवार को मारने की धमकियां दे रहे हैं।

बांग्लादेश में भारत–बांग्लादेश के मध्य मैत्री को मजबूती प्रदान करने के लिए जिन सांस्कृतिक केन्द्रों की स्थापना की गई थी उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दे रहे कलाकारों पर हमला किया जा रहा है। जगह –जगह हिन्दुओं का नरसंहार कर अस्तित्व समाप्त करने के पोस्टर लगाए जा रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में उस्मान हादी की मौत पर गहरी चिंता व्यक्त की जाती है किंतु हिन्दू नरसंहार पर चुप्पी साध ली जाती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान, बांग्लादेशी हिन्दुओं के लिए कहा था कि अगर बाइडेन की जगह उन्हें चुना गया होता तो आज वहां के हालात ऐसे न होते किंतु ट्रंप अब शांत हैं और अमेरिका से हिंदुओं की हत्याओं की निंदा करने का कोई बयान अभी तक नहीं आया है। कनाडा की संसद में एक महिला सांसद ने हिंदुओं के पक्ष में आवाज उठाई है, कुछ और देशों से भी आवाज उठ रही है किंतु वह नाकाफी है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के नरसंहार पर दुनिया भर में मानवाधिकार का हल्ला मचाने वालों ने चुप्पी साध ली है।

# चिनाब पर भारत का निर्णायक कदम पाकिस्तान में मचा राजनीतिक भूचाल

–डा. मयक चतुवदा

भारत सरकार की पर्यावरण विभाग की विशेषज्ञ समिति ने 27 दिसम्?बर को जम्मू–कश्मीर स्थित दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के स्टेज–2 को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की है। वस्?तुतः यह मंजूरी मिलते ही पाकिस्तान की सियासत में बेचैनी साफ दिखाई देने लगी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की वरिष्ठ सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शेरी रहमान ने इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत पर ल्पानी को हथियार बनानेङ्क का संगीन आरोप लगाया। उनके अनुसार, यह कदम क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा है और अंतरराष्ट्रीय समझौतों की भावना के विरुद्ध है।

शेरी रहमान का दावा है कि साल 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुए इस समझौते के तहत पाकिस्तान को चिनाब, झेलम और सिंधु नदियों के जल पर अधिकार प्राप्त हैं, जबकि भारत को रावी, ब्यास और सतलुज नदियों का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। रहमान का आरोप है कि भारत ने एकतरफा तरीके से सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है, जो न तो कानूनी है और न ही नैतिक रूप से स्वीकार्य। पाकिस्तान की आपत्ति केवल दुलहस्ती परियोजना तक सीमित नहीं है। शेरी रहमान ने भारत द्वारा चिनाब घाटी में संचालित या प्रस्तावित कई अन्य परियोजनाओं को भी विवादास्पद करार दिया। उन्होंने सावलकोट, रेटल, बड़सर, पाकल डुल, क्वार, कीरू और किरथाई जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि भारत सुनियोजित ढंग से इन सभी पर काम तेज कर रहा है। पाकिस्तान का तर्क है कि इन परियोजनाओं के कारण भविष्य में उसके हिस्से के पानी में कटौती हो सकती है, जिससे उसकी कृषि, खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

दूसरी ओर भारत का दृष्टिकोण इससे एकदम अलग और स्पष्ट है। भारत बार–बार यह दोहराता रहा है कि सिंधु जल समझौते में उसे पश्चिमी नदियों पर वैध अधिकार प्राप्?त हैं। भारत इन नदियों पर रन–ऑफ–द–रिवर परियोजनाएं स्थापित कर सकता है। दुलहस्ती परियोजना इसी श्रेणी में आती है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण से अधिक स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन है। वहीं इस पूरे घटनाक्रम को हालिया सुरक्षा परिदृश्य से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

इसी वर्ष 22 अप्रैल को जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने भारत–पाक संबंधों में पहले से मौजूद तनाव को और गहरा कर दिया। इस हमले में 22 निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या कर दी गई थी। जांच एजेंसियों की रिपोर्ट में पाकिस्तानी आतंकवादियों की संलिप्तता सामने आने के बाद भारत सरकार ने बेहद सख्त रुख अपनाया। इसके बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का फैसला लिया और पाकिस्तान के साथ जल प्रवाह से जुड़ी तकनीकी जानकारियां साझा करना बंद कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस संदर्भ में कई बार दो टूक शब्दों में कह चुके हैं कि ल्पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।ङ्क यह कथन अब केवल राजनीतिक बयान नहीं माना जाना चाहिए, यह भारत की नई रणनीतिक सोच का प्रतीक बन चुका है। भारत का मानना है कि जब तक पाकिस्तान अपनी धरती से संचालित आतंकवाद पर ठोस और निर्णायक कार्रवाई नहीं करता, तब तक किसी भी प्रकार के सहयोग या संवाद का आधार नहीं बन सकता।

इसके साथ एक तथ्?य यह भी है कि दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के तहत लगभग 260 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन की योजना है। इससे जम्मू–कश्मीर में ऊर्जा उपलब्धता को मजबूती मिलेगी और देश की बढ़ती बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ ही स्थानीय विकास, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे को भी गति देने वाली है।

इसके साथ ही भारत सरकार चिनाब नदी पर प्रस्तावित सावलकोट हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को लेकर भी गंभीर तैयारी कर रही है। करीब 1856 मेगावाट क्षमता वाली यह परियोजना पूरी होने पर उत्तरी भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं में शुमार होगी। भारत का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि जम्मू–कश्मीर जैसे पर्वतीय क्षेत्र जलविद्युत की अपार संभावनाओं से भरे हुए हैं और इनका उपयोग राष्ट्रीय हित, ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए किया जाना चाहिए।

दक्षिण एशिया की राजनीति में आज जल, प्राकृतिक संसाधन से अधिक रणनीति, संप्रभुता और सुरक्षा का अहम हथियार बन चुका है। चिनाब नदी पर भारत द्वारा उठाया गया ताजा कदम इसी बदले हुए भू-राजनीतिक यथार्थ का सशक्त उदाहरण है। दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण को जैसे ही भारत सरकार की पर्यावरणीय समिति से मंजूरी मिली, इस फैसले की गूंज सरहद पार पाकिस्तान तक सुनाई देने लगी। वहां की राजनीति में खलबली मच गई, आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए और एक बार फिर सिंधु जल समझौता चर्चा के केंद्र में आ गया है। भारत के लिए यह ऊर्जा आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय हित का सवाल है, जबकि पाकिस्तान इसे अपने अस्तित्व और जल अधिकारों से जोड़कर देख रहा है।

भारत सरकार की पर्यावरण विभाग की विशेषज्ञ समिति ने 27 दिसम्?बर को जम्मू-कश्मीर स्थित दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के स्टेज-2 को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की है। वस्?तुतः यह मंजूरी मिलते ही पाकिस्तान की सियासत में बेचैनी साफ दिखाई देने लगी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की वरिष्ठ सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शेरी रहमान ने इस फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत पर ल्पानी को हथियार बनानेङ्क का संगीन आरोप लगाया। उनके अनुसार, यह कदम क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा है और अंतरराष्ट्रीय समझौतों की भावना के विरुद्ध है।

शेरी रहमान का दावा है कि साल 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुए इस समझौते के तहत पाकिस्तान को चिनाब, झेलम और सिंधु नदियों के जल पर अधिकार प्राप्त हैं, जबकि भारत को रावी, ब्यास और सतलुज नदियों का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। रहमान का आरोप है कि भारत ने एकतरफा तरीके से सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है, जो न तो कानूनी है और न ही नैतिक रूप से स्वीकार्य। पाकिस्तान की आपत्ति केवल दुलहस्ती परियोजना तक सीमित नहीं है। शेरी रहमान ने भारत द्वारा चिनाब घाटी में संचालित या प्रस्तावित कई अन्य परियोजनाओं को भी विवादास्पद करार दिया। उन्होंने सावलकोट, रेटल, बड़सर, पाकल डुल, क्वार, कीरू और किरथाई जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि भारत सुनियोजित ढंग से इन सभी पर काम तेज कर रहा है। पाकिस्तान का तर्क है कि इन परियोजनाओं के कारण भविष्य में उसके हिस्से के पानी में कटौती हो सकती है, जिससे उसकी कृषि, खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

दूसरी ओर भारत का दृष्टिकोण इससे एकदम अलग और स्पष्ट है। भारत बार-बार यह दोहराता रहा है कि सिंधु जल समझौते में उसे पश्चिमी नदियों पर वैध अधिकार प्राप्?त हैं। भारत इन नदियों पर रन-ऑफ-द-रिवर परियोजनाएं स्थापित कर सकता है। दुलहस्ती परियोजना इसी श्रेणी में आती है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण से अधिक स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन है। वहीं इस पूरे घटनाक्रम को हालिया सुरक्षा परिदृश्य से अलग करके नहीं देखा जा सकता।

इसी वर्ष 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने भारत-पाक संबंधों में पहले से मौजूद तनाव को और गहरा कर दिया। इस हमले में 22 निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या कर दी गई थी। जांच एजेंसियों की रिपोर्ट में पाकिस्तानी आतंकवादियों की संलिप्तता सामने आने के बाद भारत सरकार ने बेहद सख्त रुख अपनाया। इसके बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का फैसला लिया और पाकिस्तान के साथ जल प्रवाह से जुड़ी तकनीकी जानकारियां साझा करना बंद कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस संदर्भ में कई बार दो टूक शब्दों में कह चुके हैं कि ल्पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।ङ्क यह कथन अब केवल राजनीतिक बयान नहीं माना जाना चाहिए, यह भारत की नई रणनीतिक सोच का प्रतीक बन चुका है। भारत का मानना है कि जब तक पाकिस्तान अपनी धरती से संचालित आतंकवाद पर ठोस और निर्णायक कार्रवाई नहीं करता, तब तक किसी भी प्रकार के सहयोग या संवाद का आधार नहीं बन सकता।

इसके साथ एक तथ्?य यह भी है कि दुलहस्ती हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के तहत लगभग 260 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन की योजना है। इससे जम्मू-कश्मीर में ऊर्जा उपलब्धता को मजबूती मिलेगी और देश की बढ़ती बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ ही स्थानीय विकास, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे को भी गति देने वाली है।

इसके साथ ही भारत सरकार चिनाब नदी पर प्रस्तावित सावलकोट हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को लेकर भी गंभीर तैयारी कर रही है। करीब 1856 मेगावाट क्षमता वाली यह परियोजना पूरी होने पर उत्तरी भारत की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं में शुमार होगी। भारत का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि जम्मू-कश्मीर जैसे पर्वतीय क्षेत्र जलविद्युत की अपार संभावनाओं से भरे हुए हैं और इनका उपयोग राष्ट्रीय हित, ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए किया जाना चाहिए।

अंततः चिनाब नदी पर भारत का यह कदम तकनीकी या ऊर्जा परियोजना भर नहीं है, यह बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों का संकेतक है। पाकिस्तान की बौखलाहट और आरोपों के बावजूद भारत यह संदेश देने में सफल रहा है कि अब राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास और संप्रभु अधिकारों पर कोई समझौता नहीं होगा। फिलहाल मोदी सरकार अपने कहे पर अडिग नजर आ रही है। निश्?चित ही इस निर्णय से प्रत्?येक भारतवासी

# फिजाओं में घुला जहर

मुकुंद




इस साल 13 दिसंबर को दिल्ली ही नहीं, उसके आसपास के शहर गैस चैंबर में तब्दील हो गए। यह तारीख साल के सबसे प्रदूषित दिनों के कैलेंडर में दर्ज हो गई। नोएडा में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 455 तक पहुंच गया। नोएडा ही नहीं ग्रेटर नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद और पानीपत में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। यहां एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया। शिलांगवासी खुशकिस्मत रहे। उनके यहां की हवा सबसे साफ रही। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक महज 14 रहा। देश की राजधानी दिल्ली का एक्यूआई 431 तक पहुंच गया।

देश में वायु गुणवत्ता सूचकांक जारी करने वाले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 13 दिसंबर को 251 शहरों के आंकड़े भी जारी किए। इनके विश्लेषण में कहा गया कि महज 3.6 फीसदी शहरों में हवा साफ है। 22.3 फीसदी में स्थिति संतोषजनक है,।ज74.1 फीसदी शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इस तारीख को फरीदाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक 214 रिकॉर्ड किया गया है। प्रदूषण के लिहाज से ग्रेटर नोएडा (442) दूसरे जबकि दिल्ली (431) तीसरे स्थान रही। 430 अंकों के साथ गाजियाबाद चौथे स्थान पर रहा। पानीपत का एक्यूआई 426, हापुड़ और मेरठ का का 355 रहा।

देश में नोएडा की हवा सबसे ज्यादा प्रदूषित रही।

एक दिन पहले 12 दिसंबर को नोएडा में एक्यूआई 386 दर्ज किया गया था। 24 घंटे में 69 अंकों के उछाल से मेहनतकश लोग हांफने लगे। फिजाओं में घुला यह जहर लोगों बीमार बना देने के लिए काफी है। नोएडा में स्थिति किस कदर खराब रही, इसी बात से समझा जा सकता है कि वहां प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्धारित सुरक्षित मानकों से 2,900 फीसदी अधिक रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 13 दिसंबर को मात्र 3.6 फीसदी शहरों की हवा साफ रही। इन शहरों के इतर देश के छह शहरों में हवा साफ रही। इन शहरों में चिकमगलुरु, दमोह, कलबुर्गी, किशनगंज, कुंजेमुरा, शिलांग और तिरुनेलवेली शामिल हैं।

कई दफा कई तारीखें कभी न भूलने वाली बन जाती हैं। मसलन 21 दिसंबर की रात बेहद सर्द रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग 22 दिसंबर की दोपहर भविष्यवाणी की है कि जम्मू और कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान भारी बर्फबारी हो सकती है। यही नहीं बर्फीले तूफान का भी सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली-एनसीआर शीतलहर की चपेट में रहेंगे। घना कोहरा मुसीबत बढ़ा सकता है। तापमान गिरेगा। हवा की गुणवत्ता में सुधार के आसार नहीं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि इन दिनों उत्तर भारत का मौसम तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। पहाड़ों में बर्फबारी शुरू हो चुकी है। मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा और ठंड लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रही है। इस बदलाव के पीछे पश्चिमी विक्षोभ, उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम और अन्य मौसमी गतिविधियों को जवाबदेह माना जा रहा है। उत्तराखंड में दो तरह का मौसम है। यहां के मैदानी जिलों में घना कोहरा और कड़ाके की ठंड लोगों को परेशान कर रही है। ऊंचाई वाले हिमालयी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग पास, अटल टनल और शिंकू ला दर्रे पर हल्की बर्फबारी हुई है। निचले इलाकों में मौसम खराब बना हुआ है। शिमला, कुल्लू और मनाली में बादल छाए रहे।बिलासपुर और ऊना जैसे मैदानी जिलों में घना कोहरा देखा गया।

विभाग का मानना है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में आनेवाले दिनों में ठंड और कोहरे का असर और बढ़ेगा। दिल्ली में कोल्ड डे जैसी स्थिति बन बनने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम भारत में अगले 24 घंटों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी संभव है। पूर्वी भारत में अगले तीन दिनों तक तापमान स्थिर रहने और बाद में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट के आसार हैं। मध्य भारत में अगले 24 घंटों में हल्की बढ़ोतरी के बाद तापमान गिर सकता है। महाराष्ट्र में भी अगले 24 घंटों में तापमान थोड़ा बढ़ने के बाद स्थिर रहने की उम्मीद है। देश के बाकी हिस्सों में अगले सात दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।पूर्वी उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे का अंदेशा जताया गया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में भी कुछ दिनों तक कोहरा रह सकता है। उत्तर आंतरिक कर्नाटक और तेलंगाना में कुछ स्थानों पर शीतलहर चलने की आशंका है। उत्तराखंड, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, बिहार और उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भी कोल्ड डे की स्थिति बन सकती है।

वैसे आज यानी 22 दिसंबर को दिल्ली-एनसीआर में वायु गणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में ही रहा।

# जयघोष में डूबी 166वीं रामबरात

## 165 साल पुराने रथ पर दूल्हा बने रघुवर, गुलाल की उड़ान और फूलों की बारिश के बीच उमड़ा जनसैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** होली से ठीक पहले शहर आस्था और परंपरा के ऐसे रंग में डूबा कि हर गली-चौराहा राममय हो उठा। ब्रह्मपुरी स्थित नृसिंह मंदिर से सोमवार सुबह करीब दस बजे 166वीं ऐतिहासिक रामबरात निकली तो 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयकारों से वातावरण थर्रा गया। दूल्हा बने रघुवर जब 165 साल पुराने ऐतिहासिक रथ पर सवार होकर निकले, तो हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

सजे-धजे लकड़ी के रथ पर भगवान श्रीराम के साथ भ्राता लक्ष्मण और गुरु विश्वामित्र विराजमान थे। रथ के पहिए जैसे ही आगे बढ़े, छतों और बालकनियों से पुष्पवर्षा शुरू हो गई। हवा में उड़ते गुलाल और रंगों की बौछार ने पूरे माहौल को होलीमय बना दिया। श्रद्धालु हाथों में अबीर-गुलाल और मोबाइल कैमरे लिए इस ऐतिहासिक पल को कैद करते नजर आए।

रामलीला सभा से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्राचीन रथ वर्ष में सिर्फ रामबरात के अवसर पर ही बाहर निकाला जाता है। पीढ़ियों से चली आ रही इस परंपरा की भव्यता इस बार भी बरकरार रही।

### हुरियारों की मोर्चाबंदी, शहर बना रामनगरी

बरातियों के रूप में शामिल हुरियारों की टोलियां जगह-जगह रंगों की मोर्चाबंदी करती दिखीं। फूलों की बारिश, गुब्बारों से बरसते रंग और 'जय श्रीराम' के नारों से पूरा रूट गूंजता रहा। जैसे-जैसे बरात आगे बढ़ी, उल्लास भी चरम पर पहुंचता गया।

रामबरात नृसिंह मंदिर से निकलकर मलूकपुर, बिहारीपुर ढाल, कुतुबखाना, नावल्टी, बरेली कॉलेज गेट, कालीबाड़ी, श्यामगंज, साहू गोपीनाथ, मठ की चौकी, शिवाजी मार्ग, बड़ा बाजार और किला चौराहा होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। रास्ते भर



राम दरबार, हनुमान लीला और अन्य धार्मिक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।

### चंद्रग्रहण के कारण पहले निकली बरात

इस वर्ष चंद्रग्रहण के कारण रामबरात होली से एक दिन पहले निकाली गई। बावजूद इसके उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग इसे देखने पहुंचे। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने 15 स्थानों पर 17 पानी के टैंकरों की व्यवस्था कराई, ताकि श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो। रामबरात के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। पांच सीओ, पांच थाना प्रभारी, सात इंस्पेक्टर, 108 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल और 16 महिला कांस्टेबल तैनात रहे। एक कंपनी पीएसी जुलूस के साथ चलती रही। पूरे रूट पर ड्रोन से निगरानी की गई। जुलूस मार्ग पर पड़ने वाले 50 से अधिक मस्जिदों और इमामबाड़ों को एहतियातन तिरपाल से ढंक दिया गया था। पूर्व संध्या पर पुलिस अधिकारियों ने पैदल गश्त कर रूट का निरीक्षण किया और लोगों से संवाद कर शांति बनाए रखने की अपील की। रंग, रथ और सुरक्षा के साए में निकली 166वीं ऐतिहासिक रामबरात ने एक बार फिर शहर को भक्ति में सराबोर कर दिया। अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुई यह शोभायात्रा बरेली की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सौहार्द की जीवंत तस्वीर बन गई।

# कल से 36 घंटे शहर में रहेगा डायवर्जन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रंगों के त्योहार से पहले ट्रैफिक पुलिस ने शहर को राहत देने के लिए सख्त कदम उठा दिए हैं। बुधवार सुबह 10 बजे से गुरुवार रात 11 बजे तक बरेली शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। रविवार को जारी डायवर्जन एडवाइजरी के तहत शहर के सभी प्रमुख एंट्री प्वाइंट पर पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी हाल में भारी वाहन अंदर न आ सकें।

एसपी ट्रैफिक अकमल खान के मुताबिक डायवर्जन के दौरान एंबुलेंस और आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छूट रहेगी, लेकिन ट्रक, डंपर और भारी मालवाहक गाड़ियों को शहर में घुसने नहीं दिया जाएगा। त्योहार के दौरान जाम और अव्यवस्था से बचने के लिए यह फैसला लिया गया है। परसाखेड़ा रोड नंबर,




बिलवा पुल, लालपुर कट, विलयधाम, नवदिया झादा, ट्रांसपोर्ट नगर, रजऊ परसपुर तिराहा से किसी भी भारी वाहन को शहर में प्रवेश नहीं मिलेगा। इसके अलावा रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ से भी भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर, नैनीताल और पीलीभीत की ओर से आने वाले भारी वाहन और रोडवेज बसें अगर बदायूं की ओर जा रही हैं तो उन्हें झुमका तिराहे से बड़ा बाइपास होते हुए नवदिया झादा, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, देवचरा और भमोरा मार्ग से गुजरना होगा। दिल्ली, मुरादाबाद और रामपुर से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन बड़ा बाइपास से झुमका, बिलवा, विलयधाम, फरीदपुर और फतेहगंज पूर्वी होकर आगे बढ़ेंगे। वहीं लखनऊ से दिल्ली जाने वाले वाहन फरीदपुर और रजऊ परसपुर तिराहा होते हुए बड़ा बाइपास पकड़ेंगे।

बदायूं और लखनऊ की ओर से आने वाली रोडवेज बसें रजऊ परसपुर तिराहा से सेटेलाइट बस अड्डे तक आ सकेंगी। दिल्ली की तरफ से आने वाली बसें मिनी बाइपास, इज्जतनगर, डेलापीर और सौ फुटा पूर्वी से होकर सेटेलाइट बस अड्डा पहुंचेंगी।

# अमन कमेटी ने किया रामबारात का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** ऐतिहासिक रामबारात के दौरान सोमवार को शहर में भाईचारे और सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। प्रमुख मार्गों से गुजरती रामबारात का अमन कमेटी ने जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर इस्तकबाल किया। ढोल-नगाड़ों और जय श्रीराम के गूंजते जयघोष के बीच बारात पर फूलों की बारिश की गई, जिससे माहौल भक्ति और उत्साह से भर गया।

कमेटी पदाधिकारियों ने एसपी सिटी मानुष पारीक और सीओ तृतीय पंकज श्रीवास्तव को मालाएं पहनाकर स्वागत किया। मंच से आपसी प्रेम और गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश दिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि बरेली की पहचान हमेशा से भाईचारे की रही है और रामबारात का स्वागत उसी परंपरा का हिस्सा है।

सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अमन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कदीर अहमद के निर्देश पर हुए इस कार्यक्रम में सादिया गौस, मनोज भारती, रामनिवास शर्मा, डॉ. सहाबुद्दीन, दिनेश बाजपेई, सरदार अमरजीत सिंह, अफसर खान, शाद हुसैन, पाकीजा खान, शाहरुख खान, मो. नदीम खान और जमील अहमद समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी सैय्यद सोनू अली ने कहा कि भाईचारा ही बरेली की असली ताकत है।

# स्पेशल का किराया अधिक, नियमित ट्रेनों-बसों में मारामारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** होली की भीड़ में यात्रियों की राह आसान करने के दावों के बीच सोमवार को भी जंक्शन और बस अड्डों पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। नियमित ट्रेनों और रोडवेज बसों में सीट के लिए धक्का-मुक्की दिखी, जबकि स्पेशल ट्रेन और बसों में अधिक किराया यात्रियों की जेब पर भारी पड़ रहा है। सुबह से ही टिकट काउंटरों और प्लेटफॉर्म पर लंबी कतारें लगी रहीं।

रेलवे की ओर से पूर्वोत्तर और उत्तर रेलवे की करीब 50 स्पेशल ट्रेनें बरेली होकर संचालित की जा रही हैं, लेकिन इनमें किराया अधिक होने के कारण सीटें खाली नजर आ रही हैं। यात्री नियमित ट्रेनों में ही सफर करना पसंद कर रहे हैं।



रविवार को भी 10:30 से दोपहर 12 बजे के बीच रवाना होने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ रही। शाम को भी प्लेटफॉर्म पर पैर रखने की जगह नहीं थी।

### रोडवेज में रूट बदलने का खेल

बरेली रीजन में रोडवेज की 650 से अधिक बसें संचालित हैं। होली पर अतिरिक्त फेरे लगाने और चालक-परिचालकों को प्रोत्साहन राशि देने के बावजूद यात्रियों की परेशानी कम नहीं हुई। आरोप है कि कुछ चालक-परिचालक निर्धारित रूट की बजाय लंबा रूट पकड़ रहे हैं, जिससे यात्रियों का समय और किराया दोनों बढ़ रहे हैं। सोमवार सुबह आठ बजे बीसलपुर-बिलसंडा-बंडा-खुटार होते हुए पलिया जाने वाली बस में बैठी बंडा तक की सवारियों को बीच में ही उतार दिया गया। परिचालक ने कहा कि बस अब पूरनपुर-खुटार मार्ग से जाएगी। इस बदलाव से यात्रियों को 50 से 60 रुपये तक अधिक किराया देना पड़ रहा है। कई लोग मजबूरी में महंगा रास्ता चुनने को बाध्य हुए।

### बीच मार्ग की सवारियां नहीं बैठाईं

यात्रियों का आरोप है कि कुछ बसों में कम दूरी की सवारियां नहीं बैठाई जा रहीं और सीधे लंबी दूरी की सीटें भरी जा रही हैं। सेटेलाइट बस अड्डे पर कुछ रूटों पर अत्यधिक भीड़ रही, जबकि पुराना बस अड्डा अपेक्षाकृत खाली नजर आया। दिल्ली से बरेली, शाहजहांपुर, लखनऊ और गोरखपुर की ओर आने वाली ट्रेनों और बसों में जबरदस्त भीड़ है, लेकिन बरेली से दिल्ली जाने वाली कई बसें और ट्रेनें खाली जा रही हैं। यही कारण रहा कि सोमवार को सेटेलाइट बस अड्डे पर यात्रियों का सैलाब दिखा, जबकि पुराना बस अड्डा सूना पड़ा रहा।

# रेल सप्ताह पर 26 रेलकर्मी सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** 69वें रेल सप्ताह पर इज्जतनगर मंडल ने अपनी उपलब्धियों का दमदार प्रदर्शन किया। न्यू मॉडल कॉलोनी स्थित मैत्री सामुदायिक केन्द्र में आयोजित समारोह में 26 रेल कर्मियों को उनके साहसिक, सतर्क और नवाचारपूर्ण कार्यों के लिए रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंच पर जैसे ही नाम पुकारे गए, तालियों की गूंज ने माहौल को गौरव से भर दिया।

सम्मानित कर्मियों ने न सिर्फ अपनी ड्यूटी निभाई, बल्कि उससे आगे बढ़कर मंडल की कार्यप्रणाली को नई दिशा दी। कहीं दुर्घटनाएं टलवाई गईं, तो कहीं तकनीकी सुधारों से परिचालन तेज हुआ। पटरियों की चौकसी हो या 24 घंटे चलने वाला रख-रखाव तंत्र इन रेलकर्मियों ने हर




मोर्चे पर खुद को साबित किया। मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने साफ शब्दों में कहा कि आधुनिक ट्रेनों और चमचमाते स्टेशनों की असली ताकत मशीनें नहीं, बल्कि उन्हें चलाने वाले प्रतिबद्ध हाथ हैं। अमृत काल में भारतीय रेल जिस तेजी से बदल रही है, उसकी नींव इन्हीं कर्मचारियों की मेहनत पर टिकी है।

### गोरखपुर मुख्यालय में भी इज्जतनगर का डंका

19 फरवरी को मुख्यालय गोरखपुर में आयोजित रेल सप्ताह समारोह में भी इज्जतनगर मंडल ने कई शील्ड और ट्रॉफियां अपने नाम कीं। संरक्षा, पर्यावरण, हाउसकीपिंग प्रबंधन, लोको परिचालन, लेखा और नागरिक सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मंडल को सम्मानित किया गया। बी श्रेणी में रुद्रपुर सिटी रेलवे स्टेशन को सर्वोत्तम स्वच्छ स्टेशन की ट्रॉफी और लालकुआं कोचिंग डिपो को व्यवस्थित कोचिंग डिपो का खिताब मिला। वहीं डी और ई श्रेणी में इज्जतनगर स्टेशन ने भी स्वच्छता का परचम लहराया।

### पटरियों से प्लेटफॉर्म तक हर विभाग के सितारे चमके

इंजीनियरिंग, वाणिज्य, विद्युत, सिग्नल एवं दूरसंचार, रेल सुरक्षा बल, परिचालन, कार्मिक और यांत्रिक विभाग हर शाखा के कर्मियों ने पुरस्कार की सूची में जगह बनाई। ट्रैकमैन से लेकर स्टेशन अधीक्षक और लोको पायलट तक, हर स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज समेत सभी शाखा अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जब मंच पर पुरस्कार दिए जा रहे थे, तब परिवारजनों की मुस्कान और गर्व साफ झलक रहा था। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी संदीप सिंह ने किया।

# कुत्ते के हमले से मासूम की मौत, नाले में मिला शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र के सुकली गांव में सोमवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। खेत की ओर अकेले निकले चार वर्षीय अर्श पर लावारिस कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। परिजन जब उसे तलाशते हुए पहुंचे तो उसका शव नाले में पड़ा था और कुत्ते उसे नोच रहे थे।

अर्श के पिता खुर्शीद ने बताया कि उनके तीन बेटों में अर्श सबसे छोटा था। घर से करीब 500 मीटर दूर उनका खेत है, जहां वह अक्सर बेटे को साथ ले जाते थे। सोमवार को वह पत्नी के साथ गांव में जरूरी काम से चले गए। जागने पर जब अर्श ने माता-पिता को घर में नहीं पाया तो वह




अकेले ही खेत की ओर निकल गया। कुछ देर बाद जब अर्श घर और खेत के बीच कहीं दिखाई नहीं दिया तो परिजन उसे खोजने निकले। इसी दौरान नाले के पास कुत्तों का झुंड दिखाई दिया। पास जाकर देखा तो कुत्ते एक बच्चे को नोच रहे थे। भगाने पर पता चला कि वह अर्श है। उसके शरीर पर गहरे घाव थे और कई जगह से मांस नोंचा जा चुका था। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो चुकी थी। शव की हालत देख परिजनों का कलेजा कांप उठा। पोस्टमार्टम कराए बिना ही देर शाम शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लावारिस कुत्तों का आतंक लंबे समय से बना हुआ है। ये आए दिन लोगों को दौड़ाते हैं और कई को काट भी चुके हैं। शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

गांववालों ने कुत्तों को पकड़कर आबादी से दूर छोड़ने की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# न्यूजीलैंड सीरीज के बाद संजू को दबाव दूर करने के लिए ब्रेक की जरूरत थी: गंभीर

एजेंसी



कोलकाता। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि संजू सैमसन निर्विवाद रूप से प्रतिभा के धनी हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में उनके खराब प्रदर्शन ने टीम प्रबंधन को टी20 विश्व कप से पहले उन पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उन्हें आराम देना पड़ा। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जैसे मैच में दबाव में नाबाद 97 रन की पारी खेली जिससे भारत ने यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में कहा, ''निश्चित रूप से न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इसलिए उन्हें विश्राम देना जरूरी हो गया था क्योंकि आप उन्हें उस दबाव वाली स्थिति से बाहर निकालना चाहते थे। एशिया कप में बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने से सैमसन की लय बिगड़ गई थी। इसके बाद सैमसन को न्यूजीलैंड के खिलाफ पूरी श्रृंखला खेलने का मौका मिला, लेकिन पांच पारियों में उनका स्कोर 10, 6, 0, 24, 6 रहा जिसके बाद आलोचकों ने उनके करियर के अंत की भविष्यवाणी कर दी थी। टी20 विश्व कप में भारत के पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ सैमसन को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली, लेकिन अभिषेक शर्मा की खराब सेहत के कारण उन्हें नामीबिया के खिलाफ मैच में टीम में जगह दी गई, हालांकि बाद में उन्हें फिर से टीम से बाहर कर दिया गया। रिंकू सिंह के साथ हुई एक दुखद घटना (उनके पिता का निधन) और शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बहुत अधिक बल्लेबाजों की मौजूदगी को देखते हुए टीम प्रबंधन ने सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम में रखने का फैसला किया। कोच से पूछा गया कि उन्होंने सैमसन के साथ किस तरह की बातचीत की ताकि वह सही मानसिक स्थिति में रहे, इस पर गंभीर ने कहा, ''मैं सभी से बात करता हूं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस टीम में शामिल सभी खिलाड़ी विश्वस्तरीय हैं और इसीलिए वे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हम जानते थे कि संजू कितना प्रतिभाशाली है। बहुत कम बल्लेबाजों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीन शतक लगाए हैं। इसलिए हम जानते थे कि वह कितने प्रतिभाशाली हैं। उन्होंने कहा, ''हमें पता था कि जब भी हमें विश्व कप में उनकी जरूरत पड़ेगी तो वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। गंभीर का मानना है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ उनकी मैच विजेता पारी की नींव जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछले मैच में रिंकू की जगह लेने के बाद खेली गई उनकी 15 गेंदों में 24 रन की तेज पारी के दौरान पड़ी थी। उन्होंने कहा, ''जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। शुरुआती तीन ओवरों में हमें मनचाही शुरुआत मिली। आज भी जिम्बाब्वे के खिलाफ जहां से उन्होंने छोड़ा था, वहीं से अपनी पारी आगे बढ़ाई। हम संजू से यही उम्मीद करते हैं कि वह लगातार ऐसा ही प्रदर्शन करें। सैमसन की पारी की सबसे बड़ी खासियत उनका स्ट्राइक रेट था। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 200 (194) था, फिर भी ऐसा कभी नहीं लगा कि वे ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे हों। गंभीर भी इस बात से सहमत थे। भारतीय कोच ने कहा, ''वह आक्रामक अंदाज में नहीं खेले। उन्होंने सामान्य शॉट लगाए। मैंने उन्हें गेंद को जोर से मारते हुए भी नहीं देखा। यही उनकी प्रतिभा है। गंभीर ने कहा, ''जब आपको पता होता है कि खेल पर आपका पूरा नियंत्रण है और आप अच्छा महसूस कर रहे हैं तो आप नेट पर गेंद को बहुत अच्छे से हिट करना शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा, ''वह विश्वस्तरीय खिलाड़ी है। वह शानदार प्रतिभा का धनी है।

## मैंने फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया और अंतरात्मा की आवाज सुनी: सैमसन

एजेंसी

कोलकाता। भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपने फोन और सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए ताकि खराब फॉर्म के दौर में भी उनका आत्मविश्वास न डगमगाए और आखिर में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के करो या मरो मैच में मैच विजेता पारी खेलकर लय हासिल कर ली। सैमसन ने रविवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में 50 गेंदों में 97 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई सुपर आठ के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से भारत की करारी हार के बाद इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को सलामी बल्लेबाजी के रूप में अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। सैमसन ने रविवार को यहां भारत की पांच विकेट से जीत के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ''मैंने अपने शॉट चयन पर लगातार काम किया। मैं बहुत अधिक बदलाव नहीं करना चाहता था क्योंकि मुझे पता था कि मैंने उसी तरह से खेलते हुए पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा, अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया से दूर रहा और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। मुझे खुशी है कि मैंने एक ऐसे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जो बहुत खास था। सैमसन ने असल में अकेले दम पर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस बीच उन्हें कप्तान सूर्यकुमार यादव (18) और तिलक वर्मा (27) का कुछ साथ मिला। उन्होंने



कहा, ''यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था। हमारी बल्लेबाजी की मजबूती को देखते हुए मुझे लग रहा था कि ईडन गार्डन्स में ओस पड़ने पर 196 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो जाएगा, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया। सैमसन ने कहा, ''यहीं पर मेरे अनुभव ने अहम भूमिका निभाई। मुझे अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन जब विकेट गिरते रहे तो मुझे लगा कि मुझे मैच का सकारात्मक अंत करना होगा। उन्होंने कहा, ''आप हमेशा ऐसा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। इसलिए मुझे खुशी है कि इस मैच में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। जब आप दबाव वाली परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप अलग-अलग विकल्प अपनाते हैं और जोखिम भरे विकल्पों पर विचार करने के बजाय अधिक बाउंड्री लगाते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए सैमसन ने अपनी तकनीक में किए गए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, ''यह मानवीय प्रकृति है कि हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं, जैसे, 'क्या मैं ऐसा कर सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर सकता हूं।'

## सभी चाहते थे कि संजू अच्छा प्रदर्शन करे: गावस्कर

एजेंसी

नयी दिल्ली। अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का कहना है कि संजू सैमसन इतने अच्छे इंसान हैं कि हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन करें और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप में खेली गई उनकी निर्णायक पारी ने उनके प्रशंसकों पर से भी दबाव कम कर दिया होगा। सैमसन ने रविवार रात कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में नाबाद 97 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, ''97 रन की इस नाबाद पारी ने न सिर्फ संजू सैमसन पर से बड़ा बोझ हटा दिया है बल्कि उन लोगों पर से भी बोझ उतार दिया है जो जानते हैं कि वह कितने बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उनके करियर में उतार-चढ़ाव आए हैं। वह बहुत ही अच्छे इंसान हैं। हर कोई चाहता है कि वह अच्छा प्रदर्शन



करें। विश्व कप से पहले सैमसन का प्रदर्शन खराब रहा था। वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे थे। गावस्कर नेकहा, ''सभी भारतीय प्रशंसक इस बात से खुश होंगे कि इस ईमानदार क्रिकेटर को वह सफलता मिली है जिसका वह हकदार है। अब भारत गुरुवार को मुंबई में सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करेगा। गावस्कर ने कहा, ''करो या मरो के मैच में मैन ऑफ द मैच बनना सपना सच होने जैसा है। मैच विजेता पारी खेलने के बाद संजू के चेहरे पर भाव साफ झलक रहे थे। वह शतक से सिर्फ तीन रन दूर थे और अगर वह शतक तक पहुंच जाते तो यह शानदार होता।

## अफगानिस्तान के भारत दौरे का कार्यक्रम घोषित जून में न्यू चंडीगढ़ करेगा पहले टेस्ट की मेजबानी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को अफगानिस्तान के भारत दौरे के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। न्यू चंडीगढ़ का मैदान जून में एक ऐतिहासिक पल का गवाह बनने जा रहा है। यह मैदान 6 से 10 जून के बीच भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। इसके साथ ही न्यू चंडीगढ़ भारत का 31वां टेस्ट वेन्यू बन जाएगा। यह मुकाबला अफगानिस्तान के भारत दौरे का हिस्सा होगा। अब तक इस मैदान पर आईपीएल मैच, एक पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय और कुछ महिला वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं, लेकिन यह पहला अवसर होगा जब यहां पांच दिवसीय टेस्ट मैच आयोजित किया जाएगा। मैच की




शुरुआत प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे (भारतीय समयानुसार) होगी। अफगानिस्तान का यह दौरा केवल टेस्ट मैच तक सीमित नहीं रहेगा। टेस्ट के बाद दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी। पहला वनडे 14 जून 2026 को धर्मशाला में, दूसरा 17 जून को लखनऊ में और तीसरा 20 जून को चेन्नई में आयोजित होगा। तीनों वनडे मुकाबले दोपहर 1:30 बजे से शुरू होंगे। अफगानिस्तान ने आखिरी बार भारत में 2024 में द्विपक्षीय सीरीज खेली थी, जो तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला थी। भारत में दोनों टीमों के बीच अब तक केवल एक टेस्ट मैच खेला गया है, जो 2018 में बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित हुआ था।

**अफगानिस्तान का भारत दौरा कार्यक्रम**

एकमात्र टेस्ट: 6–10 जून, न्यू चंडीगढ़ सुबह 9:30 बजे

पहला वनडे: 14 जून, धर्मशाला दोपहर 1:30 बजे

दूसरा वनडे: 17 जून, लखनऊ दोपहर 1:30 बजे

तीसरा वनडे: 20 जून, चेन्नई दोपहर 1:30 बजे

## गुकेश की गलती से अब्दुसत्तोरोव की एक और जीत

प्राग (चेक गणराज्य)। विश्व चैंपियन डी गुकेश अच्छी स्थिति में होने के बावजूद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार गए। एक महीने पहले भी टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान अच्छी स्थिति में होने के बावजूद गुकेश अब्दुसत्तोरोव से हार गए थे। लेकिन यहां पांचवें दौर की बाजी में एक समय ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे। काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन समय की कमी के कारण आखिर में उन्हें अंक गंवाना पड़ा। इस बीच नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जो पांच मैचों में अपनी चौथी जीत के बाद लाइव रेटिंग में विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पांचवें दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराया। भारत के मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम को पांच मैचों में अपनी तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

## सिंधु का ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर रहना तय, लक्ष्य पर होगी नजर

एजेंसी

बर्मिंघम। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मंगलवार से यहां शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर रहना तय है क्योंकि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह दुबई में फंस गई हैं। खिलाड़ियों के यात्रा संबंधी बाधाओं ने सुपर इस 1000 प्रतियोगिता की तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित किया है। सिंधु शनिवार से दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सिंधु और उनके कोच इंडोनेशिया के इरवानस्याह आदि प्रतामा दुबई में फंसे हुए हैं। वह उनके ठहरने के स्थान के करीब हुए विस्फोट में बाल-बाल बच गए थे। खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने के कारण उन्हें बाद में एक सुरक्षित स्थान पर



ले जाया गया। भारतीय स्टार खिलाड़ी को पहले दौर में थाईलैंड की सुपानिडा कटेथोंग का सामना करना था, लेकिन दुबई के हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डे के बंद रहने के कारण उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ेगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) भी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है तथा देर से पहुंचने वाले खिलाड़ियों की मदद करने के लिए तैयार है। सिंधु की टूर्नामेंट में भागीदारी अभी अनिश्चित है, लेकिन भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी सिंगापुर और अफ्रीका के वैकल्पिक मार्गों से बर्मिंघम पहुंच गए हैं। हालांकि यह देखना बाकी है कि लंबी और थका देने वाली यात्रा उनकी तैयारियों को कितना प्रभावित करेगी। भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरते युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी यात्रा संबंधी किसी भी तरह की समस्या के बिना यहां पहुंच गए हैं। लक्ष्य का पहले दौर में मुकाबला चीन के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी शी यु ची से होगा, जबकि आयुष इंडोनेशिया के अलवी फरहान के खिलाफ खेलेंगे। लक्ष्य के लिए पहले दौर की चुनौती बड़ी मुश्किल होगी क्योंकि वह चीन के खिलाड़ी से पिछले पांच मुकाबलों में से चार में हार चुके हैं। आयुष को भी फरहान से पांच मुकाबलों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स का मुकाबला भी शामिल है। महिला एकल वर्ग में मालविका बंसोड़ को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन युफ़ेई के खिलाफ कड़ी शुरुआती चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

## मध्य पूर्व में सैन्य हमलों के बाद तनाव से कच्चे तेल के दाम में 7.60 फीसदी की उछाल

एजेंसी

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में युद्ध तेज होने के बाद कच्चे तेल की कीमत में 7 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। क्रूड आयल के भाव में ये उछाल अमेरिका-इजरायल के ईरान पर किए गए सैन्य हमलों के बाद आया है। वैश्विक बाजार में सोमवार को ब्रेंट क्रूट तेल की कीमत 7.60 फीसदी बढ़कर 78.41 डॉलर प्रति बैरल रही, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड का वायदा भाव 7.19 फीसदी बढ़कर 71.86 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। इसी बीच पेट्रोलियम निर्यातक देशों के प्रमुख संगठन ओपेक ने अगले महीने से कच्चे तेल के उत्पादन बढ़ाने पर अपनी सहमति जताई है। सऊदी अरब और रूस के नेतृत्व में प्रमुख सदस्य प्रतिदिन 2 लाख 6 हजार बैरल अतिरिक्त उत्पादन करेंगे। विश्लेषकों का कहना है कि मध्य पूर्व यानी पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के



कारण वैश्विक वायदा बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी बनी हुई है। इस क्षेत्र में तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंका से कारोबारियों ने खरीदारी बढ़ा दी है। एक रिपोर्टों के अनुसार यदि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान जारी रहता है, तो ब्रेंट क्रूड की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जा सकती है। व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की स्थिति में कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल से भी अधिक जा सकते हैं। मध्य पूर्व में लंबे समय तक तनाव बने रहने से परिवहन और समुद्री बीमा लागत बढ़ सकती है। खाड़ी क्षेत्र के समुद्री मार्ग बाधित हो सकते हैं, जिससे व्यापार संतुलन पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मॉडर्न पाइथियन गेम्स में भाग लेगा भारत

**नयी दिल्ली।** मॉडर्न पाइथियन गेम्स में तब नया इतिहास रचा जाएगा जब भारत बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले युवा डेल्फ़िक गेम्स में युवा कलाकारों का अपना पहला राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। भारत का 65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 22 मार्च को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक के लिए रवाना होगा, जो वर्तमान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की अध्यक्षता कर रहा है। यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की तर्ज पर आयोजित किए जा रहे इन खेल में भाग लेगी। भारतीय दल में 41 युवा कलाकार भी शामिल हैं। इनमें से दिल्ली के 21, हिमाचल प्रदेश के 10, कर्नाटक के चार तथा उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड और हरियाणा के एक एक कलाकार शामिल हैं। प्रतिभागी लोक संगीत, नृत्य, गायन, पॉप संगीत, डीजे कला, दृश्य कला, कला और शिल्प तथा पियानो सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### एसजेएफआई का राष्ट्रीय सम्मेलन नयी दिल्ली में

**नयी दिल्ली।** भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) का राष्ट्रीय सम्मेलन 13 से 16 मार्च तक यहां आयोजित किया जाएगा। पिछले 30 वर्षों में पहला अवसर होगा जबकि एसजेएफआई का वार्षिक सम्मेलन राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) इस सम्मेलन की मेजबानी करेगा जिसमें एसजेएफआई अपनी स्थापना की स्वर्ण जयंती भी मनाएगा। इससे यह सम्मेलन अधिक महत्वपूर्ण बन गया है। एसजेएफआई को खेल पत्रकारों की वैश्विक संस्था इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) से मान्यता प्राप्त है और यह उससे संबद्ध है। राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण क्षेत्रों के खेल पत्रकार तथा भारतीय खेल, प्रशासन और प्रसारण जगत की प्रमुख हस्तियां हिस्सा लेंगी। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में एक भविष्य खेल सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें खेल पत्रकारों के अलावा शीर्ष प्रशासक और ओलंपिक के दिग्गज खिलाड़ी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान जेके बोस अंतर–क्षेत्रीय टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट, एसी बाली टेबल टेनिस टूर्नामेंट, आधुनिक पाइथियन गेम्स आदि का आयोजन भी किया जाएगा।

### अशोक लेलैंड की वाहन बिक्री फरवरी में 24 प्रतिशत बढ़कर 22,157 इकाई रही

**नयी दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड की फरवरी, 2026 में कुल बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 22,157 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 17,903 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा कि समीक्षाधीन महीने के दौरान उसकी घरेलू बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 20,314 इकाई रही, जो फरवरी, 2025 में 15,879 इकाई थी। कंपनी के मुताबिक, घरेलू बाजार में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों (एमएंडएचसीवी) की बिक्री 31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13,264 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 10,110 इकाई थी। बयान में कहा गया है कि पिछले महीने घरेलू बाजार में हल्के वाणिज्यिक वाहनों (एलसीवी) की बिक्री 7,050 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 5,769 इकाई था।

### होंडा मोटरसाइकिल की बिक्री फरवरी में 34 प्रतिशत बढ़कर 5,67,351 इकाई पर

**नयी दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) की फरवरी, 2026 में कुल बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 5,67,351 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने की तुलना में काफी अधिक है। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। फरवरी की कुल बिक्री में घरेलू बाजार में बेची गई 5,13,190 इकाइयां और 54,161 इकाइयों का निर्यात शामिल है। एचएमएसआई के अनुसार, यह प्रदर्शन कंपनी के विभिन्न उत्पादों के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग को दर्शाता है। बयान के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष 2025–26 की अप्रैल–फरवरी अवधि के दौरान कंपनी ने कुल 58,20,556 इकाइयों की बिक्री दर्ज की। इसमें घरेलू बाजार की 52,37,169 इकाइयां और निर्यात की गई 5,83,387 इकाइयां शामिल हैं।

## विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि फरवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में वृद्धि फरवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर 56.9 पर पहुंच गई। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। घरेलू मांग में मजबूत सुधार के कारण यह बढ़ोतरी हुई, हालांकि नए निर्यात ऑर्डर की वृद्धि में कमी देखी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी के 55.4 से बढ़कर फरवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर 56.9 पर पहुंच गया। पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' फरवरी महीने में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में पहले से ज्यादा तेजी देखने को मिली। मजबूत घरेलू ऑर्डर की वजह से उत्पादन लगातार दूसरे महीने भी तेज गति से बढ़ा। सर्वेक्षण में कहा गया, 'समिति के सदस्यों के अनुसार, काम करने की दक्षता में सुधार, बाजार में मजबूत मांग, नए ऑर्डर में बढ़ोतरी और तकनीक में निवेश की वजह से उत्पादन में कुल मिलाकर अच्छी बढ़त दर्ज की गई। एक क्षेत्र जहां वृद्धि में कुछ कमी आई, वह नए निर्यात ऑर्डर रहे। हालांकि, जिन कंपनियों की विदेशों में बिक्री बढ़ी, उन्होंने एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका से ऑर्डर मिलने की बात कही। भंडारी ने कहा, 'नए निर्यात ऑर्डर में वृद्धि ने 2025 के मध्य में शुरू हुई धीमी गति को जारी रखा, जिससे विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन कुछ हद तक सीमित हो गया। कुल नए ऑर्डर में लगातार तेज बढ़ोतरी होने के कारण भारत के विनिर्माताओं ने उत्पादन बढ़ाने और भंडारण करने के लिए अतिरिक्त कच्चे माल की खरीद की।

काम का दबाव बढ़ने पर कंपनियों ने कच्चे माल की खरीद तेज की, अपना भंडार बढ़ाया और अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति भी की।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में सांकेतिक गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोना के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 4,010 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसके विपरीत चांदी की कीमत में 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,73,090 रुपये से लेकर 1,73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,58,660 रुपये से लेकर 1,58,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,94,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,73,240 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत



1,58,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,58,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,58,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,58,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,58,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,58,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,58,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,58,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,58,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मजबूती दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,58,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# होली की हार्दिक शुभकामनायें


































































## उप्र में सर्वजन दवा सेवन अभियान में 83 फीसदी लोगों ने खाई दवा, पांच से सात मार्च तक चलेगा मापअप राउंड

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। यूपी में फाइलेरिया संक्रमण कम करने के लिए 21 जिलों में 10 से 28 फरवरी तक चले सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में 83 फीसदी लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। बचे लोगों को कवर करने के लिए पांच से सात मार्च तक मापअप राउंड चलाया जाएगा। इस राउंड में छूटे हुए क्षेत्रों के अंदर स्थापित स्कूल, कालेज, कार्यालय, ईंट भट्ठे, जेल, अनाथालय, घूमंतू परिवार व होली की छुट्टी में बाहर से आए लोगों को कवर किया जाएगा। इसके अलावा रमजान के दृष्टिगत मुस्लिम इलाकों में शाम को दवा खिलाने का निर्देश दिया गया है।

प्रदेश के 51 जिलों के 782 ब्लाक में फैली यह बीमारी लगातार सिमट रही है। इस बार के एमडीए अभियान में 21 जिलों के 64 ब्लाक में ही यह अभियान चलाया गया। इसलिए यह महत्वपूर्ण था कि कम से कम 90 प्रतिशत लोग दवा का सेवन जरूर करें। विभाग के जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक 1.40 करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 1.17 करोड़ लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर लिया है। बहराइच (93.2%), लखनऊ (91.8%), बांदा (91.3%), औरैया (89.5%) और सोनभद्र (89.5%) 90 प्रतिशत के विभागीय अपेक्षा को छू चुके हैं। सिर्फ अम्बेडकरनगर, उन्नाव, शाहजहांपुर व प्रयागराज ही 80 प्रतिशत से कम दवा खिला पाने वाले जिले हैं जहां पर मापअप राउंड के दौरान फोकस काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ एके चौधरी ने बताया कि दो दिन पहले हुई समीक्षा बैठक में एमडी एनएचएम डॉ पिंकी जोवेल ने सभी जिला मलेरिया अधिकारियों को निर्देश दिया है कि रमजान के दृष्टिगत मुस्लिम इलाकों में शाम को दवा खिलाने के लिए टीमें जाएं। उन्होंने बताया कि पांच से सात मार्च तक मापअप राउंड चलाने का निर्देश जारी कर दिया गया है। इस दौरान सभी जिलों को शत-प्रतिशत लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य पूरा करना है। इस अभियान के दौरान 10, 17, 290 लोगों ने पहली बार स्वास्थ्य टीम पहुंचने पर दवा खाने से इनकार किया।

**प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत यूपी में रिकॉर्ड इंस्टॉलेशन**

# फरवरी में 35,804 रूफटॉप प्लांट स्थापित

जागरण मोर्चा कार्यालय

- योजना के तहत 3,500 करोड़ से अधिक की सब्सिडी डीबीटी से हस्तांतरित, लगभग 4 लाख परिवार लाभान्वित
- सूर्य घर योजना से 60,000 से अधिक रोजगार सृजित, रोजाना 20-25 करोड़ का सौर कारोबार



लखनऊ। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा विस्तार का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रूफटॉप सोलर को जन-आंदोलन का रूप देते हुए प्रदेश ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार राज्य में अब तक 11,64,038 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 3,93,293 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पूर्ण हो चुके हैं। इसके माध्यम से 3,98,002 परिवार सीधे लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश में कुल स्थापित सौर क्षमता 1,343.5 मेगावाट तक पहुंच चुकी है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश न केवल स्वच्छ ऊर्जा अपनाने में अग्रणी बन रहा है, बल्कि रोजगार सृजन, आर्थिक गतिविधियों के विस्तार, भूमि संरक्षण और डिजिटल ऊर्जा भविष्य की दिशा में भी एक नए युग का नेतृत्व कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत 2,663.57 करोड़ की केंद्रीय सरकार की सब्सिडी तथा लगभग ?920 करोड़ की राज्य सरकार की सब्सिडी लाभार्थियों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की गई है। उत्तर प्रदेश जुलाई 2025 से लगातार देश में इंस्टॉलेशन के मामले में शीर्ष दो राज्यों में बना हुआ है, जो राज्य की निरंतर प्रगति और मजबूत क्रियान्वयन क्षमता को दर्शाता है। यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि फरवरी माह 2026 में उत्तर प्रदेश के लिए सौर ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियों का माह साबित हुआ। इस एक माह के भीतर रिकॉर्ड 35,804 रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए गए। साथ ही 28 फरवरी 2026 को एक ही दिन में 2,211 इंस्टॉलेशन कर उत्तर प्रदेश ने पूरे भारत में किसी भी राज्य द्वारा एक दिन में किए गए सर्वाधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन का राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया। यह उपलब्धि राज्य की तीव्र कार्यक्षमता और मिशन मोड में चल रहे क्रियान्वयन का प्रमाण है। इस योजना ने प्रदेश में व्यापक सौर ऊर्जा अर्थव्यवस्था को जन्म दिया है।

वर्तमान में 4,500 से अधिक वेंडर्स सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिससे 60,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रतिदिन औसतन 4 से 5 मेगावाट रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन किए जा रहे हैं, जिससे राज्य में प्रतिदिन लगभग ?20 से 25 करोड़ का व्यवसाय उत्पन्न हो रहा है। रूफटॉप सोलर के माध्यम से प्रतिदिन 60 लाख यूनिट से अधिक मुफ्त बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिसका अनुमानित आर्थिक मूल्य लगभग ?4 करोड़ प्रतिदिन है। 5000 एकड़ से अधिक भूमि की बचत

रूफटॉप सोलर मॉडल का एक महत्वपूर्ण लेकिन अप्रत्यक्ष लाभ भूमि संरक्षण के रूप में सामने आया है। इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में 5000 एकड़ से अधिक भूमि की बचत हुई है। यदि यही क्षमता ग्राउंड-माउंटेड सोलर प्लांट्स के माध्यम से स्थापित की जाती, तो विशाल भू-भाग की आवश्यकता होती। अब यह भूमि औद्योगिक, वाणिज्यिक, कृषि तथा अन्य विकासात्मक गतिविधियों के लिए उपलब्ध रह सकती है। तेजी से बढ़ते इंस्टॉलेशन ने सौर उद्योग से जुड़े उपकरणों जैसे मॉड्यूल, इन्वर्टर, स्ट्रक्चर और केबल की मांग को भी बढ़ाया है, जिससे प्रदेश में एक मजबूत सप्लाई चेन विकसित हुई है। साथ ही, सौर ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि से कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आ रही है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश अब सौर ऊर्जा को भविष्य के डिजिटल ऊर्जा व्यापार मॉडल से जोड़ने की दिशा में भी अग्रसर है। यूपीनेडा से जुड़े वेंडर्स ऊर्जा उत्पादन को यूनिफाइड एनर्जी इंटरफ़ेस जैसे प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

## बाइक की टक्कर से गिरे युवक को हाफ डाला ने कुचला, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ । होली की खुशियां मातम में बदल गईं, जब घर लौट रहे एक मजदूर की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। इटौंजा थाना क्षेत्र में फ्लाईओवर के नीचे हुई इस घटना ने परिवार को झकझोर कर रख दिया।जानकारी के अनुसार, थाना सदना जनपद सीतापुर के टॉडी पुरवा निवासी राकेश (35) अपने मित्र संदीप (30) के साथ बाइक से लखनऊ से घर लौट रहा था। दोनों मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे और होली का त्योहार मनाने गांव जा रहे थे। बताया जा रहा है कि परिवार के अन्य सदस्य दूसरी सवारी से पीछे आ रहे थे।इटौंजा फ्लाईओवर के नीचे पहुंचते ही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राकेश और संदीप उछलकर हाईवे पर जा गिरे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक हाफ डाला वाहन ने राकेश को कुचल दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि संदीप को मामूली चोटें आईं।सूचना पर मौके पर पहुंचीं उपनिरीक्षक सरिका गुप्ता ने तत्काल एंबुलेंस से घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान राकेश ने दम तोड़ दिया।मौत की खबर मिलते ही पत्नी गीता अस्पताल पहुंची। थोड़ी देर में उसके तीनों बच्चे आकाश (12), काजल (9) और राज (6) भी वहां पहुंच गए। अस्पताल परिसर में बच्चों की चीत्कार और पत्नी का विलाप देख मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। गीता ने बताया कि परिवार की जिम्मेदारी पूरी तरह राकेश के कंधों पर थी। पति-पत्नी दोनों लखनऊ में रहकर मजदूरी करते थे। अब परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार बाइक और हाफ डाला वाहन की तलाश में जुटी है।होली से ठीक पहले हुए इस हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं और तीन मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया।

## लखनऊ में 04 मार्च को निकलेगी भगवान नरसिंह की भव्य रंग भरी शोभा यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, लखनऊ द्वारा होली के पावन अवसर पर भगवान नरसिंह रंग भरी भव्य शोभा यात्रा एवं होली उत्सव का आयोजन 04 मार्च को प्रातः 9:00 बजे राम लीला मैदान ऐशबाग से किया जाएगा। इस आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी सपरिवार सम्मिलित होंगे।

शोभा यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन शामिल होंगे। यह जानकारी सोमवार को रामलीला मैदान ऐशबाग में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान प्रबंधक समिति के सदस्यों ने दी। प्रबंधक समिति ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं से परिचित कराने का सशक्त माध्यम हैं। यात्रा रामलीला मैदान ऐशबाग से प्रारंभ होकर के बाबूलाल चौराहा याहियागंज शास्त्री नगर चौराहा कपूर मोटर्स होते हुए पुनः प्रारंभ स्थल



पर विराम लेगी।मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शोभा यात्रा, भजन-कीर्तन, पुष्प वर्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रंगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिससे समाज में आपसी भाईचारा, समरसता और राष्ट्रभक्ति की भावना सुदृढ़ हो सके।इस अवसर पर कार्यक्रम संचालन एवं व्यवस्था हेतु समिति का गठन किया गया है, जिसमें समिति प्रबंधक अनुज गुप्ता व प्रकाश सिंह मीडिया प्रभारी एवं अन्य व्यवस्थापक अनिल व मोहित को जिम्मेदारी दी गयी है। आयोजन समिति ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में बेटियों की शानदार सफलता



**लखनऊ।** नगराम क्षेत्र के जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली की छात्रा नंदिनी (पुत्री अशोक कुमार, ग्राम रसूलपुर आशिक अली) ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर 99 अंकों के साथ जनपद में 43वीं रैंक प्राप्त की। नंदिनी ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त कक्षाओं और नियमित टेस्ट का विशेष योगदान रहा। इसी क्रम में मोहनलालगंज क्षेत्र के बेसिक विद्यालय गौरा की छात्रा आराधना ने भी परीक्षा में 25वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। दोनों छात्राओं की उपलब्धि से विद्यालयों में हर्ष का माहौल है। सच ही कहा गया है— मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है।

### गांवों में चल रहा फाग का रिहर्सल

**लखनऊ।** सुल्तानपुर रोड पर स्थित सरसवां व अहिमामऊ गांवों में फाग गाने का रिहल्सल चल रहा है। यहां के निवासियों के अनुसार यह काम होली के 10 दोनों पहले से शुरू हो जाता है। ग्रामीण होली के अवसर पर भगवान कृष्ण और राम के साथ भगवान शिव पर आधारित फाग को गाते हुए होलिका दहन की परिक्रमा करके हुए उल्लास के साथ रगों का पर्व मानते है। सभी लोग अपने गांव की प्रसन्नता की कामना करते हुए होलिका के सामने इन पक्तियों को गाते है।''उड़त गुलाल भरत पिचकारी राधा- मोहन ख्यालै होरी हो..सदा आनंद रहै यह नगरी मोहन ख्यालै होरी हो।''बुजुर्गो की माने तो अहिमामऊ में कई दशको से होली पर परंपरागत फाग होता रहा है। इस मौके पर ग्रामीण सूर और कबीर के पदों को भी गाते है । राधा - कृष्ण की लीला पर एक टोली फगुआ गाती है । रविवार को सरसवां गांव में ढोलक की थाप व मंजीरो की झंकार के साथ बुजुर्ग एवं युवा पीढ़ी भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती दिखाई देती है।शहर से लगे हुए इस गांव को बढते विकास ने चारो तरफ से घेर रखा है, इसके बाद भी ग्रामीणो ने अपनी पारंपरिक संस्कृति को नहीं बदला है। यहां होली के दिन एक तरफ जहां गलियों से फगुहारो की टोली निकलती है तो दूसरी तरफ छतो से बच्चे के साथ महिलाएं भी अमीर गुलाल व रंग की वर्षा करती है।अहिमामऊ निवासी गिरिजा शरण सिंह,संजय द्विवेदी,ओम प्रकाश सिंह,त्रिभुवन शर्मा, निशीथ शुक्ला व गिरिजा शंकर द्विवेदी बताते है कि गांव में उन लोगो की कई पीढ़ियों से फाग होता आया है।

## लखनऊ के इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में चंद्रग्रहण अवलोकन के लिए विशेष नि:शुल्क कार्यक्रम

- ब्लड मून' का अद्भुत दृश्य : नक्षत्रशाला में टेलिस्कोप से होगा अवलोकनवर्ष का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण लखनऊ से आंशिक दिखाई देगा

जागरण मोर्चा कार्यालय




लखनऊ। 3 मार्च 2026 की शाम आकाश में एक अत्यंत आकर्षक खगोलीय घटना घटित होगी। इस दिन वर्ष 2026 का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। यदि मौसम साफ रहा तो भारत के अनेक भागों लखनऊ सहित उत्तर भारत में इसका अंतिम चरण देखा जा सकेगा। यह ग्रहण विशेष इसलिए भी है क्योंकि पूर्ण अवस्था में चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दे सकता है, जिसे आम भाषा में ल्लब्लड मून कहा जाता है।

इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला, लखनऊ द्वारा नक्षत्रशाला परिसर में जनसामान्य के लिए रात्रि आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में नक्षत्रशाला द्वारा टेलिस्कोप के माध्यम से चंद्रग्रहण का अवलोकन जनसामान्य को करवाया जायेगा। भारत के अधिकांश हिस्सों में चंद्रमा उस समय उदित होगा जब ग्रहण पहले से जारी रहेगा। लखनऊ में सूर्यास्त 18:08 बजे होगा, इसलिए चंद्रमा पूर्व दिशा में क्षितिज के पास दिखाई देगा। उस समय ग्रहण का पूर्ण चरण समाप्त हो चुका होगा, किन्तु आंशिक चरण जारी रहेगा। इस दौरान चंद्रमा हल्का धुंधला या लालिमा लिए दिखाई दे सकता है। लखनऊ से चंद्रग्रहण को देखने की अधिकतम संभावित अवधि लगभग 39 मिनट हो सकती है। इस विशेष कार्यक्रम को सायंकाल से रात्रि 19:00 बजे तक संचालित किया जायेगा। यह कार्यक्रम नि:शुल्क होगा एवं उत्तर प्रदेश अमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया जायेगा।

वास्तव में चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। पूर्णिमा की रात यह घटना संभव होती है। जैसे-जैसे पृथ्वी की छाया चंद्रमा को ढकती है, चंद्रमा धीरे-धीरे धुंधला पड़ने लगता है और पूर्ण अवस्था में लाल या तांबे जैसा दिखाई दे सकता है। जब पृथ्वी सूर्य के प्रकाश को सीधे चंद्रमा तक पहुँचने से रोकती है, तब सूर्य का प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल से होकर मुड़ता और छनता हुआ चंद्रमा तक पहुँचता है। हमारा वायुमंडल नीली रोशनी को अधिक बिखेर देता है और लाल रोशनी को आगे जाने देता है। यही कारण है कि सूर्यास्त लाल दिखाई देता है और इसी कारण पूर्ण चंद्र ग्रहण के समय चंद्रमा लालिमा लिए दिखता है।

चंद्रमा की कक्षा पृथ्वी की सूर्य के चारों ओर की कक्षा से लगभग 5ल झुकी हुई है। इसी कारण हर पूर्णिमा पर पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर नहीं पड़ती। केवल जब तीनों खगोलीय पिंड बिल्कुल एक सीध में आ जाते हैं, तभी ग्रहण संभव होता है। चंद्र ग्रहण खगोल विज्ञान का प्रत्यक्ष प्रयोगशाला जैसा उदाहरण है। यह पृथ्वी के वायुमंडल के प्रकाश प्रकीर्णन को समझने का अवसर देता है। ऐतिहासिक रूप से ग्रहणों ने खगोलीय गणनाओं और समय मापन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस प्रकार 3 मार्च 2026 का पूर्ण चंद्र ग्रहण खगोल प्रेमियों और आम नागरिकों के लिए एक अनूठा अवसर है। जिसके लिए नक्षत्रशाला द्वारा चंद्रग्रहण को देखने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन सायंकाल से रात्रि 19:00 बजे तक संचालित किया जायेगा।

### लखनऊ में चंद्र ग्रहण का समय

1. लखनऊ में सूर्यास्त का समय 18:08
2. उपछायी चन्द्र ग्रहण का प्रारंभ 14:14
3. आंशिक चन्द्र ग्रहण का प्रारंभ 15:20
4. पूर्ण चन्द्र ग्रहण प्रारंभ 16:34
5. पूर्ण चन्द्र ग्रहण की समयावधि 59 मिनट्स
6. पूर्ण चन्द्र ग्रहण का समापन 17:33
7. आंशिक चन्द्र ग्रहण समाप्त 18:47
8. उपछायी चन्द्र ग्रहण समापन 19:53
9. लखनऊ में चन्द्र ग्रहण के दिखाई देने की संभावित अवधि 39 मिनट्स

## होली पर जन भवन में राज्यपाल से उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण व गणमान्य नागरिकों की शिष्टाचार भेंट

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। होली के पावन पर्व पर सोमवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से जन भवन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा अन्य गणमान्य नागरिकों ने शिष्टाचार भेंट कर होली की शुभकामनाएँ दीं। इससे पूर्व विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) डॉ. सुधीर महादेव बोबडे के नेतृत्व में जन भवन में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने भी राज्यपाल से भेंट कर उन्हें रंगोत्सव की बधाई दी। राज्यपाल ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने भीतर के अवगुणों का त्याग कर समाज के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन भवन में विगत वर्षों में अनेक रचनात्मक और नवाचारपूर्ण कार्य हुए हैं तथा भविष्य में भी कई महत्वपूर्ण पहलें प्रस्तावित हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों से उन्होंने अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा एवं विकास के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। राज्यपाल ने बताया कि आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जन भवन में हाल ही में इसरो लैब की स्थापना की गई है, जिससे विद्यार्थियों को विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा। अपने हालिया गुजरात दौरे का उल्लेख करते हुए उन्होंने धोलावीरा को भारत की प्राचीन समृद्ध सभ्यता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया और बनास डेयरी के माध्यम से पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन में हो रही प्रगति की सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि इन उपलब्धियों पर आधारित एक प्रेरक फिल्म बनाई जानी चाहिए, जिससे नई पीढ़ी को देश की ऐतिहासिक और आधुनिक उपलब्धियों की जानकारी मिल सके।

## भारत के हर कोने में प्रतिभा मौजूद है, सही सुविधाएं और उपकरण मिलने से ही खिलाड़ी आगे बढ़ पाते हैं : युवराज सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। डीपी वर्ल्ड ने उत्तर प्रदेश में जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने लखनऊ में एक रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर से बने आधुनिक पैवेलियन और 250 क्रिकेट किट्स उपलब्ध कराकर अपनी 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' पहल का विस्तार किया है।

इस पहल से प्रदेश के युवा क्रिकेटरों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं मिल सकेंगी। रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर को पूरी तरह सुसज्जित मल्टीपर्पज पैवेलियन में बदला गया है, जहां खिलाड़ियों को अभ्यास, तैयारी और विश्राम के लिए समर्पित स्थान मिलेगा। इस पैवेलियन का अनावरण लखनऊ स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट दिग्गज युवराज सिंह की उपस्थिति में किया गया। इसे स्थायी रूप से सेज क्रिकेट एकेडमी में स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम में युवराज सिंह ने कहा कि भारत के हर कोने में प्रतिभा मौजूद है, लेकिन सही सुविधाएं और उपकरण मिलने से ही खिलाड़ी आगे बढ़ पाते हैं। 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' जैसी पहल युवा खिलाड़ियों को आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर और आत्मविश्वास प्रदान करती है। इस पहल को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से आगे बढ़ाया गया है। इसके तहत आईसीसी टूर्नामेंट में बनने वाले प्रत्येक 100 रन पर 10 क्रिकेट किट दान करने का लक्ष्य रखा गया है। डीपी वर्ल्ड, सब-कॉन्टिनेंट (इंडिया) के कंट्री मैनेजर हेमंत कुमार रुइया ने बताया कि उभरते खिलाड़ियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सही संसाधनों तक पहुंच की होती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में शुरुआत के बाद से अब तक इस पहल के तहत आठ देशों में 13 रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर पैवेलियन और 3,500 क्रिकेट किट वितरित की जा चुकी हैं। भारत में नई दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और चेन्नई में इसका लाभ खिलाड़ियों को मिला है।

## यूपी में 'फ़ेस्टिवल इकोनॉमी' बनी आर्थिक इंजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखनऊ। यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार का दावा है कि प्रदेश में बीते नौ वर्षों में पर्व-त्योहारों के आयोजन का स्वरूप बदला है। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक तैयारी और राजनीतिक स्तर पर बढ़ी सक्रियता के चलते प्रमुख पर्वों-त्योहारों पर सांस्कृतिक आयोजनों का दायरा कहीं ज्यादा व्यापक हो गया है। इसका सीधा असर प्रदेश की स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। योगी सरकार के प्रयासों से नौ वर्षों में बदले परिदृश्य ने प्रदेश में इस फ़ेस्टिवल इकॉनमी को जन्म दिया है, जिसके माध्यम से न सिर्फ राज्य स्तर पर, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी बाजार में कारोबार कई गुना तक बढ़ रहा है।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि उत्तर प्रदेश में फ़ेस्टिवल इकॉनमी को गति देने में योगी सरकार में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था निर्णायक कारक बनी है। प्रमुख पर्व-त्योहारों पर राज्य से लेकर जिला स्तर तक विशेष सुरक्षा प्लान लागू किए जाते हैं। संवेदनशील जिलों और धार्मिक नगरों में अतिरिक्त पुलिस व पीएसी बल की तैनाती, महिला सुरक्षा दल और दंगा नियंत्रण इकाइयों की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित की जाती है। ड्रोन से रियल टाइम निगरानी, प्रमुख बाजारों व आयोजन स्थलों पर व्यापक सीसीटीवी कवरेज और इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम के जरिए पूरे सप्ताह 24 घंटे मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। प्रशासन और व्यापारी संगठनों के अनुसार बेहतर सुरक्षा माहौल का सीधा असर बाजार पर दिखा है। होली, दीपावली और नवरात्र जैसे अवसरों पर कई प्रमुख बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में 30 से 50 प्रतिशत तक अधिक फुटफॉल दर्ज किया गया। भरोसेमंद कानून-व्यवस्था ने न सिर्फ लोगों को खुलकर पर्व-त्योहारों का उत्सव मनाने का अवसर दिया है व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि पिछले नौ वर्षों में त्योहारों के दौरान बाजार गतिविधियों का दायरा स्पष्ट रूप से बढ़ा है। दीपावली, होली और नवरात्र जैसे प्रमुख अवसरों पर खुदरा बाजार में सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक कारोबार दर्ज किया जा रहा है। कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, सर्राफा, मिठाई, सजावटी सामग्री और पूजा उत्पादों की मांग में लगातार उछाल आया है। व्यापारिक संगठनों का दावा है कि संगठित प्रबंधन और बेहतर कानून-व्यवस्था के कारण ग्राहकों का भरोसा बढ़ा है, जिससे बिक्री के आंकड़े मजबूत हुए हैं। त्योहारों के सांस्कृतिक आयोजनों के विस्तार का प्रभाव पर्यटन और सेवा क्षेत्र में भी दिखाई देता है। अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज और मथुरा जैसे शहरों में बड़े आयोजनों के दौरान होटल ऑक्यूपेंसी दर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। परिवहन, टूर ऑपरेटर, टैक्सी, ई-रिक्शा और खानपान कारोबार में भी उछाल आया है। स्थानीय प्रशासन के अनुसार संगठित और सुरक्षित आयोजनों के कारण श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जिससे अस्थायी और स्थायी दोनों प्रकार के रोजगार के अवसर बढ़े हैं। अधिकारियों का मानना है कि कानून-व्यवस्था की सख्ती, प्रशासनिक समन्वय और त्योहारों के योजनाबद्ध विस्तार ने इन आयोजनों को केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों का सशक्त माध्यम बना दिया है। पिछले कुछ वर्षों में त्योहारों के आयोजन में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सांसदों, विधायकों और स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों ने आयोजन समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर तैयारियों की नियमित समीक्षा की है। प्रकाश व्यवस्था, सड़क मरम्मत, स्वच्छता, पेयजल, बैरिकेडिंग और स्थानीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। जनप्रतिनिधियों की भागीदारी ने आयोजनों को अधिक संरचित और उत्तरदायी स्वरूप दिया है।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 मानसरी चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 201 शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।